वर्ष-12 , अंक-39 प्रयागराज, रविवार 29 सितम्बर 2024 से शनिवार 05 अक्टूबर 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटर्वक

Download From Adhunik Samachar

नगर संस्करण

12 वर्ष विश्वास के

## यूनियन बैंक व कर्मचारी कल्याण संघ उत्तर प्रदेश की कार्यकारणी बैठक संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**

**लखनऊ ।** यूनियन बैंक व अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ, उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी परिषद की बैठक लखनऊ में आयाजित की गई। कार्यकारिणी बैठक में स्वागत समिति की ओर से उपमहासचिव दिलीप कुमार कनौजिया ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। अध्यक्ष विनोद प्रसाद शर्मा ने अध्यक्षीय संबोधन के साथ सभी प्रतिनिधियों का स्वागत प्रस्तुत किया। महासचिव डॉ0 अमृतांशु ने एक वर्ष की रिपोर्ट पेश की, कोषाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने वार्षिक आय-व्यय और बैलेन्स शीट प्रस्तुत किया जिसका अनुमोदन कार्यकारिणी सभा द्वारा किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जी0 करुणानिधि, चेन्नई तमिलनाडु से आकर भाग लिया जो अखिल भारतीय ओबीसी कर्मचारी महासंघ के महासचिव हैं। करूणानिधि ने सभा को संबोधित करते हुए भारत सरकार के समक्ष लंबित मुददों की ओर ध्यान आकृष्ठ किया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बैंक प्रबंधन की संगठन के प्रति सहयोगात्मक व्यवहार के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यूनियन बैंक प्रबंधन 1996 से ही, जब से संगठन का निर्माण हुआ है, हमेशा ही सहयोग मिला है, हालांकि कुछ लंबित मुददे हैं जिनके शीघ्र निपटारे की उम्मीद जताई। सभा ने वार्षिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी वर्ष 2024-25 के लिए रणनीति पर विचार विमर्श की। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के दोनो अंचलीय कार्यालयों के अधीन 18 क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत संगठन की यूनिटें अपनी एक्टीविटी रिपोर्ट पेश की एवं संगठन द्वारा ट्रस्ट के नाम वाराणसी में खरीदे गए शक्ति भवन की जमीन पर कार्यालय भवन के निर्माण संबंधी रणनीति पर चर्चा की गई एवं निर्माण के समय आवश्यक धनराशि एकत्र करने हेतु यथासंभव सहयोग के लिए पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया। बैठक में कुल चार एजेन्डे पेश किए गए जिन्हें सर्वसम्मति से पारित करते हुए उत्तर प्रदेश के सोसायटी एक्त 1860 के अन्तर्गत संगठन के बायलॉज में संशोधन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें प्रमुख एजेन्डा संगठन के पंजीकृत बायलॉज में पदाधिकारियों के पदों की संख्या में वृद्धि करने एवं क्षेत्रीय सचिवों को बायलॉज में स्थान देने संबंधी है। कार्यक्रम का कुशल संचालन अभिषेक चौधरी ने किया। स्वागत समिति के पदाधिकारी दिलीप कुमार कनौजिया, अभिषेक चौधरी, प्रवीण कुमार सिंह, आलोक वर्मा, शरद वर्मा, अखिल वर्मा, प्रभप्रीत कौर, तेज शंकर पटेल, जे0पी0 यादव, संजय कटियार ने संगठन की सफलतापूर्वक सभी तैयारियां की और सफल बनाया। इनके अतिरिक्त संगठन के संस्थापक सदस्य श्री धर्मेन्द्र देव प्रसाद, श्री अशोक कुमार उपस्थित थे।




### भारतीय सेना चीन सीमा पर बढ़ा रही युद्धक क्षमता, हाइपरसोनिक मिसाइलें की जा रहीं तैयार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**

**नई दिल्ली।** सेना में तोपखाना महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अदोष कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर विचार करते हुए तोपखाना यूनिटों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न भविष्योन्मुखी प्लेटफॉर्म और उपकरण खरीदे जा रहे हैं। सेना चीन सीमा पर अपनी युद्धक क्षमता को बढ़ा रही है। तोपखाना यूनिटों की जंगी क्षमता को बढ़ाने के लिए सेना विभिन्न हथियार प्रणालियों की खरीद कर रही है। इसमें 100 के-9 वज्रा हॉवित्जर, स्वार्म ड्रोन, लोइटर हथियार और निगरानी प्रणालियां शामिल हैं। सेना में तोपखाना महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अदोष कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर विचार करते हुए तोपखाना यूनिटों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न भविष्योन्मुखी प्लेटफॉर्म और उपकरण खरीदे जा रहे हैं। उन्होंने शनिवार को आर्टिलरी रेजिमेंट की 198वीं वर्षगांठ से पहले कहा कि हम अभूतपूर्व गति से और निर्धारित समयसीमा के अनुसार आधुनिकीकरण कर रहे हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास का कार्य भी प्रगति पर है।

## सरकार ने टेलीकॉम-साइबर समेत कई विभागों की जिम्मेदारियों में किया बड़ा बदलाव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**

**नई दिल्ली।** संचार मंत्रालय के तहत दूरसंचार विभाग अब दूरसंचार नेटवर्क सुरक्षा का निरीक्षण करेगा। वहीं, साइबर अपराध से संबंधित सभी मुद्दे अब गृह मंत्रालय के अंतर्गत आंतरिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत आएंगे। भारत सरकार ने दूरसंचार नेटवर्क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध से संबंधित अपने विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां दी हैं। शुक्रवार रात को कैबिनेट सचिवालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में, भारत सरकार के कार्य आवंटन नियम 1961 में संशोधन के बाद इन बदलावों की जानकारी दी गई है। यह संशोधन संविधान के अनुच्छेद 77 के खंड तीन के अधिकार के तहत लागू किया गया था। संचार मंत्रालय के तहत दूरसंचार विभाग अब दूरसंचार नेटवर्क सुरक्षा का निरीक्षण करेगा। भारत सरकार के कार्य आवंटन नियमों, 1961 में संशोधन विशेष रूप से संचार मंत्रालय के दायरे में इस जिम्मेदारी को जोड़ता है। यह बदलाव दूसरी सूची में संचार मंत्रालय शीर्षक के तहत परिलक्षित होता है।इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय साइबर सुरक्षा मामलों में अन्य केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों का समर्थन करेगा। यह भूमिका सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 में उल्लिखित है, जिसे समय-समय पर संशोधित किया गया है। नई जिम्मेदारियां दूसरी सूची में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत प्रविष्टि 5ँ के तहत सूचीबद्ध हैं।साइबर अपराध से संबंधित सभी मुद्दे अब गृह मंत्रालय के अंतर्गत आंतरिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत आएंगे। यह जिम्मेदारी दूसरी सूची में गृह मंत्रालय के तहत प्रविष्टि 36 के रूप में जोड़ी गई है। विभाग आगे चलकर साइबर अपराध से संबंधित सभी पहलुओं को संभालेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय का हिस्सा, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस), साइबर सुरक्षा के लिए समग्र समन्वय और रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा। यह भूमिका राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के तहत प्रविष्टि 3 के रूप में निर्दिष्ट है। एनएससीएस का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इसके सचिव के रूप में कार्य करते हैं। एनएससीएस देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से संबंधित सभी मामलों के लिए सर्वोच्च निकाय के रूप में कार्य करता है। नव परिभाषित भूमिकाएं भारत सरकार के कार्य आवंटन तीन सौ सत्तावनवें संशोधन नियम, 2024 का हिस्सा हैं, जो तुरंत प्रभावी हैं।




NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

कौशल बलम्

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA)

COPA कोर्स सभी प्रकार की नौकरियों जैसे-

पुलिस विभाग (कम्प्यूटर आपरेटर)

रक्षा मंत्रालय (DRDO) भारत सरकार मुद्रण विभाग, राजकीय आई.टी.आई. इंस्ट्रक्टर, स्वास्थ्य विभाग और सभी सरकारी विभागों, बैंक / प्रतिष्ठानों के लिए मान्य यह प्रमाणप्त्र O-Level के समकक्ष है।

विशेष - ये कोर्स रेलवे द्वारा निकाली जाने वाली कम्प्यूटर ऑपरेटर की रिक्तियों के लिए मान्य है।



श्री सी.पी. पाण्डेय

प्रभारी निरीक्षक डायल 112, उ.प्र. पुलिस

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

Enjoy Publicity




# केंद्रीय अस्पताल, उत्तर मध्य रेलवे में सफल ऑपरेशन से अर्जुन लाल को मिली नई जिंदगी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के केंद्रीय अस्पताल में एक जटिल ऑपरेशन के माध्यम से, डॉ. संजय कुमार, सीनियर डीएमओ सर्जरी ने अर्जुन लाल उम्र 71 साल नामक मरीज को नई जिंदगी देने में सफलता प्राप्त की। अर्जुन लाल पिछले 4 वर्षों से बहुत बड़े अम्बिलिकल हर्निया से पीड़ित थे, जिससे वह दैनिक दिनचर्या के कार्यों को करने में असमर्थ थे। उन्हें मोटापा उच्च रक्त चाप और मधुमेह जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा था, जिन्हें मेटाबोलिक सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है। मरीज का आत्मविश्वास बहुत कम हो गया था और वह सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने में असमर्थ थे। उन्होंने लगभग उम्मीद खो दी थी और अपना जीवन इसी स्थिति में बिताने के लिए तैयार थे। डॉ. संजय कुमार और उनकी टीम ने रक्त शर्करा को नियंत्रित करने के बाद, न्यूनतम चीरा लगाकर इस जटिल मामले का सफल ऑपरेशन किया। इस ऑपरेशन की खास बात ये थी की हर्निया का साइज बहुत बड़ा होने के कारण पेट की मांसपेशियों में बहुत बड़ा गैप था जिसके लिए बहुत ही छोटे चीरे के पेट की दीवारों का मांस की सहायता के पुनः निर्माण किया गया (दस्हद ज्रूब्)। ऑपरेशन के मात्र 3 दिन बाद, मरीज चलने में सक्षम हो गया। अर्जुन लाल ने केंद्रीय अस्पताल के सर्जरी की टीम जिसमे डॉक्टर आलोक यादव (एनेस्थेटिस्ट) नर्सिंग सुप्रीटेंटेंट हरीश कुमार शर्मा, प्रीति सिस्टर , मंजु सोनकर चिकत्सा सहायक मूलचंद , रेखा ड्रेसर आरती प्रसाद एवम अमित शुक्ला को सहृदय धन्यवाद दिया, जिन्होंने उन्हें दैनिक सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल करने में मदद की।



# मंडलायुक्त प्रयागराज /अध्यक्ष स्मार्ट सिटी लिमिटेड प्रयागराज को बॉयज हाई स्कूल के बाहर नाइट मार्केट के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार से अवगत कराया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**प्रयागराज।** सिविल लाइंस द्वितीय पार्षद बबलू रघुवंशी स्मार्ट सिटी लिमिटेड में नगर निगम अधिनियम के विरुद्ध कर रहे हैं अवैध ठेकेदार प्रयागराज में पी. डी. टंडन रोड महाराणा प्रताप चौराहे से धोबीघाट चौराहे तक ( बॉयज हाई स्कूल ) तक स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी द्वारा दिनांक 3/7/2023 को नाइट मार्केट संचालित किए जाने के लिए निविदा आमंत्रित की गई और दिनांक 17/7/2023 को निविदा खोली गई , जिसमे मेसर्स बी. एस. राजपूत जिसके प्रोपराइटर बबलू सिंह राजपूत उर्फ बबलू रघुवंशी पार्षद सिविल लाइंस द्वितीय हैं उन्होंने उच्चतम कीमत का प्रस्ताव देकर निविदा हासिल कर ली अब शुरुआत होती है असली भ्रष्टाचार की , बबलू सिंह राजपूत ने स्मार्ट सिटी से बिना अनुबंध किए , न ही ठेके मूल्य की 10ज्ञ् जमानत राशि जमा किए और ना ही किराए की एक भी किश्त जमा किए निविदा हासिल करने की तिथि से आज तक मार्केट चला रहे हैं और दुकानदारों से मन माना किराया वसूल रहे हैं , पर कमाल की बात है की इसपर ना तो किसी विभाग की नजर पड़ी न ही स्मार्ट सिटी को कोई ऐतराज हुआ और ये गोरखधंधा मजे से चल रहा है । इस बड़े घोटाले के अलावा एक और बड़ा सवाल ये भी खड़ा होता है की क्या पार्षद बबलू सिंह राजपूत उर्फ बबलू रघुवंशी नगर निगम से संबद्ध स्मार्ट सिटी का ठेका ले सकता है , क्युकी बबलू रघुवंशी को स्मार्ट सिटी द्वारा सुलभ शौचालय और थार्न हिल रोड पर फुटपाथ बनाने का ठेका भी दिया गया है । बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है और सभी संबंधित विभाग इतने बड़े प्रकरण पर आंख मूंदे हुए है साल भर से ऊपर से , शहर के हृदय स्थल पर इतना बड़ा नाइट मार्केट चल रहा है और प्रशासन को कानो कान इस घोटाले की खबर ही नहीं । इस संबंध में मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव नगर विकास एवम मंडलायुक्त/ अध्यक्ष स्मार्ट सिटी लिमिटेड प्रयागराज से प्रातः काल एक्सप्रेस के उप संपादक मो. अनवार खान द्वारा शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है और उन्हें आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन प्राप्त हुआ है । एक साल से ज्यादा हो गया और बॉयज हाई स्कूल के बाहर अवैध नाइट मार्केट धड़ल्ले से चल रही है ,उम्मीद है शिकायत के उपरांत अधिकारी बॉयज हाई स्कूल के बाहर लग रहे इस अवैध मार्केट की पत्रावली की जांच करके सरकारी खजाने को नुकसान से बचाने आगे आएंगे ।

# महाकुंभ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने मे समीक्षा बैठक प्रमुख सचिव नगर विकास श्री अमृत अभिजात की अध्यक्षता में मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**प्रयागराज।** हुई जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। सर्वप्रथम मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने सभी परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति के बारे में बताते हुए पर्ट चार्ट के अनुसार पीछे चल रहे क्रिटिकल प्रोजेक्ट्स के बारे में आवश्यक जानकारी दी। इसके अंतर्गत बाढ़ एवं वृष्टि के कारण सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे घाट निर्माण के कार्यों में आ रही समस्या पर प्रमुख सचिव ने खास तौर पर चिंता जताई एवं बारिश रुकते ही सभी कार्यों में मैनपॉवर बढ़ाते हुए समय अंतर्गत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों की प्रगति समीक्षा हेतु प्रतिदिन रात में वी सी के माध्यम से उन्हें कार्यों की प्रगति के बारे में अवगत कराने के भी निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन, नगर निगम एवं पीडीए द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने तथा गुणवत्ता संबंधी शिकायत पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि कार्यों की गुणवत्ता में कहीं भी कोताही पाई गई तो वह स्वयं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध लिखेंगे। उन्होंने अपने पूर्व में दिए गए निर्देश, जिसके अंतर्गत हर विभाग के एच ओ डी को अपने विभाग में अब तक किए गए कार्यों में लापरवाही बरत रहे एई, जेई तथा ठेकेदारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे, उसके अनुपालन में अब तक कितनों पर कार्रवाई की गई है उसकी भी जानकारी उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि यदि उनके समक्ष कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती है और उनके संज्ञान में किसी विभाग द्वारा की गई कोताही की शिकायत आती है तो वह स्वयं जांच कराकर अगली बैठक में एचओडीएस के विरुद्ध कार्रवाई करेंगे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यदि ठेकेदार द्वारा कहीं भी गुणवत्ता संबंधित कोताही पाई जाती है तो ब्लैकलिस्टिंग करने के साथ साथ उनको जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सीमेंट वर्क एवं सड़क के कॉम्पैक्शन सम्बंधित कार्यों को कराने के पश्चात उसकी गुणवत्ता की जाँच हेतु अनिवार्य रूप से किसी सीनियर अधिकारी को उन कार्यों को दिखाने को कहा है। मेला प्राधिकरण कि थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा अब तक विभागीय कार्यो की गुणवत्ता से संबंधित उठाए गए इशूज के सापेक्ष विभाग ने उन पर क्या एक्शन लिया है उसके कई प्रकरणों में अभी तक एक्शन टेकेन रिपोर्ट पेंडिंग होने पर उन्होंने खासी नाराजगी जताते हुए अपनी अगली बैठक से पूर्व उन सभी के सापेक्ष रिपोर्ट सब्मिट करने के निर्देश दिए। साथ ही मेला अधिकारी को हर विभाग के प्रमुख सचिव को इसके बारे में अवगत कराने को भी कहा है। यदि उनकी अगली बैठक तक सभी प्रकरणों पर एक्शन टेकन रिपोर्ट विभागों द्वारा सबमिट नहीं की जाती है तो एचओडी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने एडी हेल्थ को को इमर्जेंसी हेतु बेड तैयार रखने के दृष्टिगत प्राइवेट हॉस्पिटल से भी बात करने को कहा जिससे कुंभ के दौरान प्राइवेट हॉस्पिटल्स में भी बेड रिजर्व रखे जा सकें। रेलवे से समन्वय वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने रेलवे के संबंधित अधिकारियों को अपने आउटरीच प्रोग्राम और वृहद करते हुए टिकट के पीछे यथा संभव मेले के मूवमेंट प्लान तथा मैप दर्शाने की व्यवस्था करने की अपील की है। साथ ही एयरपोर्ट में इन्फॉर्मेशन एवं इनक्वायरी बूथ लगाने की व्यवस्था कराने तथा उसके डिज़ाइन को प्रोफेशनल अडवाइस लेते हुए डिजाइन करने का भी निर्देश दिया है। शहर की सुंदरता को बढ़ाने के दृष्टिगत पिछले कुंभ की तरह इस बार भी पेंट माई सिटी के अंतर्गत विभिन्न चौराहों जंक्शन एवं दीवालों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस कैंपेन के अंतर्गत विभिन्न स्थानों को विभिन्न थीम्स पर पेंट करने का प्रस्ताव है जिसके अंतर्गत मलाका चौराहे पर मधुबनी आर्ट से भगवान विष्णु के विभिन्न स्वरूप, बक्षी बांध पर कृष्ण लीला, तेलियर गंज अण्डर पास पर भगवान बुद्ध एवं शिवभक्ति, रामबाग फ्लाईओवर पर मां दुर्गा के 9 स्वरूप, कोठा पार्चा अंडर पास पर श्री राम कथा, इलाहाबाद डिग्री कॉलेज पर नारी सशक्तिकरण, गंगोली शिवाला पर शिव परिवार, नागवासुकी मंदिर पर नाग वासुकी एवं भगवान शिव, रसूलाबाद घाट पर भागीरथ एवं गंगा अवतरण कथा, प्रयागराज जंक्शन पर भारत के विभिन्न डांस फोर्म्स, नैनी जंक्शन पर राम सीता विवाह, रामबाग रेलवे स्टेशन पर भारत के फेस्टिवल्स, फाफामऊ रेलवे स्टेशन पर मधुबनी आर्ट तथा मनकामेश्वर टेम्पल बाउंड्री पर मनकामेश्वर से संबंधित कहानी दर्शाई जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत विभिन्न साइनेज प्लान बनाए जा रहे हैं। प्रमुख सचिव ने खास तौर पर सभी कॉन्स्टीट्यूशनल भाषाओं को इनसाइनेज पर दर्शाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नगर निगम के अधिकारियों को फसाद लाइटिंग पर विशेष ध्यान देते हुए चौराहों पर लगे हुए बोर्ड को हटाने हेतु एंटी डिफेसमेंट ड्राइव चलाने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक से पूर्व प्रमुख सचिव ने अक्षयवट, पातालपुरी मंदिर कॉरीडोर के साथ साथ हनुमान मंदिर कॉरिडोर का भी निरीक्षण किया।



# दिलीप दुबे बने रामलीला कमेटी सगरा सुंदरपुर के संयोजक



**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**प्रतापगढ़।**विकास खण्ड लक्ष्मणपुर की प्रमुख बाजार सगरा सुंदरपुर में नवरात्रि में होने वाली रामलीला हेतु आशुतोष जायसवाल को संयोजक बनाया गया है। श्री नवदुर्गा पूजा समिति एवं रामलीला समिति के उपाध्यक्ष ने बताया कि हर साल की भाँति इस साल भी यह रामलीला दर्शकों के लिए दर्शनीय होगी। इस बार रामलीला के पात्रों को अयोध्या से बुलाया गया है जो अपनी कलाकारी से दर्शकों को प्रमुदित करेंगे।रामलीला समिति का संयोजक आशुतोष जायसवाल को बनाया गया है। साथ ही दो अन्य प्रमुख व्यक्तियों दिलीप दुबे एवं ए.पी. सिंह को भी संयोजक बनाया गया है रामलीला का मंचन 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक होगा। दिलीप दुबे का कहना है कि इस बार यह रामलीला और भी अधिक आकर्षक होगी।

# माननीय जनपद न्यायाधीश ने राजकीय बाल ग्रह, खुल्दाबाद व संप्रेषण गृह का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**प्रयागराज।** माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज श्री संतोष राय जी के द्वारा बुधवार को राजकीय बाल ग्रह, खुल्दाबाद व संप्रेषण गृह का निरीक्षण सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज श्री दिनेश कुमार गौतम के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा समस्त संप्रेषण गृह का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गया त् साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रयागराज श्री दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में मध्यस्थता केंद्र के सुचारू रूप से संचालन व एडीआर मेकैनिज्म हेतु समस्त मध्यस्थगणों की बैठक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आयोजित की गई, जिसमें समस्त मध्यस्थ गण उपस्थित रहे। समस्त मध्यस्थ गणों द्वारा अपने पत्रावलियों के संबंध में आख्या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई ,जिसका अवलोकन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए और पत्रावलियों का निस्तारण 60 दिन के अंदर करने हेतु आदेशित किया तथा पक्षकारों के उपस्थित व सुलह समझौते पर बल देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश प्रदान किए गएत् साथ ही आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक की 14. 12. 2024 में पारिवारिक वादों के निस्तारण हेतु अधिक से अधिक पत्रावली में मध्यस्थता करने के लिए मध्यस्थ गणों को निर्देशित किया गया यह जानकारी श्री दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।













DURGAWATI INTERNATIONAL SCHOOL & COLLEGE
URGENT REQUIREMENT
TRAINED & EXPERIENCED TEACHERS
FOR CLASSES VI to XII
SUBJECTS - ENGLISH, MATHS, S.ST , SCIENCE & COMPUTER
RESIDENCE FACILITY ALSO AVAILABLE FOR TEACHERS
Walk in Interview on 23-06-2024
Interested Candidates can send their Resume on the given contacts
Candidate should hold fluent English Communication Skill along with the qualified degrees
For more details Contact on: 7505561664, 9415017879

# देश/विदेश





मेरा देश भारत

## संक्षिप्त समाचार

### दुनियाभर में बज रहा वंदे भारत ट्रेन का डंका, कनाडा समेत कई देशों ने खरीदने में दिखाई दिलचस्पी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** विदेशियों द्वारा वंदे भारत ट्रेन को खरीदने में दिलचस्पी की वजह इसकी लागत है, जहां अन्य देशों में निर्मित समान सुविधाओं वाली ट्रेनों की लागत 160-180 करोड़ रुपये के बीच होती है, वहीं वंदे भारत का निर्माण



बहुत कम कीमत पर हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया नीति का पूरी दुनिया में डंका बजने लगा है। तेजस फाइटर के बाद अब वंदे भारत ट्रेन पर दुनियाभर के देशों की नजर है। देश में वंदे भारत एक्सप्रेस तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं और कई रूट्स पर इसे चलाने की मांग बढ़ रही है। इस बीच, चिली, कनाडा और मलयेशिया जैसे देशों ने वंदे भारत को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। सूत्रों के मुताबिक, वंदे भारत को खरीदने में दिखाई गई दिलचस्पी के कई कारण हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, इसमें सबसे बड़ा कारण वंदे भारत ट्रेन की लागत है, जहां अन्य देशों में निर्मित समान सुविधाओं वाली ट्रेनों की लागत 160-180 करोड़ रुपये के बीच होती है, वहीं भारत वंदे भारत का निर्माण बहुत कम कीमत पर हुआ है। भारत की वंदे भारत ट्रेन की कीमत 120 से 130 करोड़ रुपये है।इसके अलावा, वंदे भारत गति पकड़ने के मामले में भी दूसरे देशों को मात दे रही है। सूत्रों की मानें तो वंदे भारत को 0 से 100 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने में सिर्फ 52 सेकंड लगते हैं, जो जापान की बुलेट ट्रेन से भी अधिक है। बता दें, जापान की बुलेट ट्रेन को 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने में 54 सेकंड का समय लगता है।इनका यह भी कहना है कि वंदे भारत को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बेहतर डिजाइन किया गया है। इसमें विमान की तुलना में सौ गुना कम शोर का अनुभव होता है और इसकी ऊर्जा खपत बहुत कम होती है।

# पुतला निर्माण कार्य जोरों से हुआ शुरू

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नोएडा।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में रामलीला मंचन की तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं।रावण,कुम्भकरण और मेघनाद के पुतलों का निर्माण कार्य शुरू हो गया



है।70 फीट के रावण,65 फीट के कुम्भकरण और 60 फीट के मेघनाद के पुतलों का निर्माण किया जा रहा है।12 अक्टूबर को विजयदशमी के अवसर पर इन पुतलों का दहन किया जाएगा।श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष लोनी के अनुभवी कलाकारों के द्वारा बहुत ही सजीव पुतलों का निर्माण किया जा रहा है।समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि इस वर्ष मुरादाबाद की प्रसिद्ध मंडली श्री जानकी कला मंच के कलाकारों के द्वारा रामलीला की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी।समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बजरंगलाल गुप्ता ने बताया कि इस बार 5 हज़ार लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी,जिसके लिये पांच सौ सोफे और चार हजार कुर्सियों की व्यवस्था की जा रही है।लोगों के खाने-पीने के लिए फूड स्टाल रहेगा और लोगों की सुरक्षा के लिए प्राइवेट सुरक्षा गार्ड और नोएडा पुलिस की व्यवस्था रहेगी।समिति के कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग ने बताया कि श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला 3 अक्टूबर से शुरू होकर 13 अक्टूबर तक चलेगी।7 अक्टूबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जाएगी,जो शहर के विभिन्न सेक्टरों से होते हुए सेक्टर-62 स्थित रामलीला स्थल पर पहुँचेगी।12 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जाएगा।13 अक्टूबर को श्रीराम और भरत मिलाप होगा।उसके बाद डांडिया उत्सव मनाया जाएगा और इसके साथ 11 दिवसीय श्री रामलीला मंचन का समापन होगा।

## एआरटीओ की मिली भगत से यूपी रोडवेज को केवल गौतमबुद्ध नगर से लग रहा है करोड़ों रूपये का चूना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 34 में उत्तर प्रदेश रोडवेज का बस डीपो है, इसी डीपो से प्रति दिन 180 बसों का संचालन सेक्टर 37 से परी चौक एवं सम्पूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए संचालित होती हैं बस डीपो से मालूम करने पर पता चला की डीपो हमेशा घाटे में ही चलता है।अब सेक्टर 37 नॉएडा से परी चौक के लिए डग्गामार प्राइवेट बसें कम से कम 400 के लगभग चलती हैं त् जो हर एक मिनट के अंतराल पर सेक्टर 37 से परी चौक के लिए संचालित होती हैं जो सेक्टर 37 से परी चौक का किराया 30 रुपया लेती है, वहीं रोडवेज परी चौक तक का 36 रुपया टिकट देता है त् उत्तर प्रदेश सरकार एवं एआरटीओ नॉएडा को ध्यान देने वाली बात है की एक बस कम से कम 60 सवारी बैठाता है इस तरह प्राइवेट बस वाला एक ट्रिप में 1800 रूपये वसूलता है वह भी सवारी को कोई टिकट नहीं देता इस तरह एक बस कम से कम 10 ट्रिप सेक्टर 37 से परी चौक का लगाता है, एक ट्रिप अप डाउन का 3600 रूपये प्राइवेट बस का मालिक एक दिन में कमाता है जिसका किसी प्रकार का टैक्स उत्तर प्रदेश सरकार को नहीं मिलता है त् इस प्रकार 400 बसें एक दिन में एक करोड़ 44 लाख रूपये कमाती हैं त् इस कमाई पर किसी प्रकार का टैक्स उत्तर प्रदेश सरकार को नहीं प्राप्त होता है यह तो नॉएडा बस डिपो एक उदाहरण के तौर पर लिया गया है इसी प्रकार पूरे उत्तर प्रदेश में एआरटीओ की मिली भगत से डग्गामार मार बसें अबैध रूप से बिना किसी टिकट और टैक्स दिए हुए संचालित होती है इससे उत्तर प्रदेश सरकार को अकेले गौतम बुद्ध नगर से ही करोड़ों रूपये का चूना एक दिन में ही लग रहा है ।

# पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नोएडा।** नोएडा देश में प्रखर राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक चिंतक व साहित्यकार के रूप में संख्या 64 पर ग्राम चौड़ा सेक्टर 22 पर रहे। उनके साथ जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल भी रहे। उन्होंने वहाँ क़रीब 100 नये



पहचान बनाने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती है. उसकी के चलते नोएडा भाजपा ने उनकी जयंती पर हर बूथ पर सदस्यता अभियान चलाया। इसी कड़ी में माननीय राज्यसभा में संसद सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह नोएडा के बूथ सदस्य बनाये। आज सभी 732 बूथों पर इसी प्रकार सदस्यता अभियान चलाया गया जहां नये सदस्य बनाने का अभियान चलाया गया। इस मौक़े पर अरुण सिंह ने कहा कि पंडित जी ने 60-70 साल पहले जो जीवन दर्शन अपने विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति को दिशा दी, वह भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रम देखने को मिलती है। उनके चिंतन में गांव, गरीब महिला को स्वावलंबन के मार्ग के रूप में अग्रसर करने के लिए सहानुभूति दी है. हर हाथ को काम हो, हर खेत को पानी हो, आर्थिक प्रगति का पैमाना ऊंचे पायदान पर चढ़े हुए व्यक्ति से नहीं बल्कि सबसे नीचे खड़े हुए व्यक्ति के माध्यम से किया जाना चाहिए। आज हमारी सरकारें समाज के कमजोर वर्गों के लिए काम कर रही हैं. बदलता परिवेश सामने है. सदस्यता अभियान का महापर्व है. घर-घर जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करना है। आपको बात दें कि नोएडा महानगर में अब तक 74000 से ज़्यादा सदस्य बन चुके हैं। इस समय नोएडा पश्चिम क्षेत्र में प्रथम स्थान और प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। उनके साथ आज जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, गोपाल गौड़, एस पी चमोली तन्मय शंकर, उमेश यादव, संजय बैसला, तुषार गोयल, आकाश चौहान, साधना शर्मा, परविंदर बैरागी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भव्य बाल रामलीला का मंचन होगा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नोएडा।** नोएडा समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू के निवासी, जो की समृद्धि कल्चरल टीम के सदस्य भी हैं, अपने परिवार और नौकरी को बैलेंस करते हुए समाज में श्री राम के लीलाओं को बच्चों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। यह टीम थिएटर, एक्टिंग और डांसिंग में रुचि रखती है और पूरे साल विभिन्न प्रकार की कल्चरल एक्टिविटी कराती रहती है। ग्रेनों वेस्ट वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित ग्रेनो बेस्ट सांस्कृतिक मंच के संयोजक ठआशीष दुबे ठ ने बताया कि समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू के बच्चों द्वारा तैयार की गई यह भव्य बाल रामलीला का मंचन 11-12 अक्टूबर को समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू सोसायटी और तिकोना पार्क (निराला स्टेट और स्प्रिंग मिडोज के बीच) में आयोजित किया जाएगा। इस बाल रामलीला में लगभग 60 बच्चे भगवान राम के जन्म से लेकर पुरुषोत्तम श्री राम के राज्याभिषेक तक की लीलाएं प्रस्तुत करेंगे। भाग ले रहे बच्चों की उम्र 8 साल से 14 वर्ष के बीच है, जो अपनी प्रतिभा और उत्साह से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। यह ग्रेटर नोएडा की अब तक की सबसे बड़ी बाल रामलीला होगी, जो पिछले दो महीनों से चल रही तैयारियों के बाद, दर्शकों के लिए एक अद्वितीय और यादगार अनुभव होगी।



## श्रमिक विरोधी श्रम कोड़ों के खिलाफ मजदूरों ने मनाया काला दिवस सीटू कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह किए विरोध प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नोएडा।** नोएडा श्रमिक विरोधी चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड़ों) के खिलाफ सीटू सहित विभिन्न ट्रेड यूनियनों ने 23 सितंबर 2024 को पूरे देश में श्रमिकों से काला दिवस मनाने का आह्वान किया था। उक्त आह्वान के तहत सीटू गौतम बुध नगर से जुड़े मजदूरों/ कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किया फेस-2, नोएडा वाइब्रो कास्टिक कंपनी पर विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि पूरे देश में मजदूरों द्वारा लगातार विरोध के बावजूद भी सरकार श्रमिक विरोधी लेबर कोड़ों को लागू करने का प्रयास कर रही है। ऐसे हालात में श्रमिक वर्ग के सामने इन दमनकारी लेबर कोड़ों को निरस्त कराने के लिए सीधे संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है अंबुजा सीमेंट कंपनी दादरी एनटीपीसी प्लांट पर विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव रामसागर ने कहा कि किसानों की तरह कृषि कानूनों को वापस करवाने की तर्ज पर हम मजदूरों को आंदोलन को तेज करते हुए श्रमिक विरोधी लेबर कोड़ों को वापस करने तक संघर्ष को जारी रखेंगे। बीएचईएल सेक्टर- 16, नोएडा पर प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांटेक्ट लेबर यूनियन के नेता रणजीत सिंह ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से महंगाई, बेरोजगारी व श्रमिक उत्पीड़न बढ़ा है। शाहदरा सेक्टर- 142, नोएडा पर वेंडर्स के प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिला सचिव राम स्वारथ ने कहा कि मजदूर विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा किया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों की विरोध सभा को संबोधित करते हुए ग्रेटर नोएडा माली व सफाई कर्मचारी यूनियन के महा मंत्री रामकिशन सिंह ने कहा कि भाजपा शासन में कर्मचारियों का शोषण बढा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट यूसुफपुर चकसवेरी पर विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू नेता नरेंद्र पांडे ने कहा कि हर हाल में हम श्रमिक विरोधी लेबर कोड़ों को रद्द कराकर ही दम लेंगे। अनमोल इंडस्ट्री उद्योग विहार ग्रेटर नोएडा पर विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अनमोल इंडस्ट्रीज इंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष मुकेश कुमार राघव ने श्रमिकों से कहा कि अगर आज हम सरकार के हमलों के खिलाफ एकजुट नहीं होते हैं तो हमारे संघर्षों से हासिल सभी अधिकार छीन जाएंगे। इसलिए आज एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है। इसी तरह जगह-जगह हुए विरोध प्रदर्शनों को संबोधित करते हुए सीटू नेता पारस रजक, पूनम देवी, भरत डेंजर, हुकम सिंह, सुनील पंडित, विकास कुमार, सुखलाल, मौ.फिरोज, संतोष कुमार, टीकम सिंह आदि ने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर जीवन व आजीविका और अपने अधिकारों को बचाने के लिए प्रतिरोध को तेज करते हुए 5 अक्टूबर 2024 को प्रातः 11:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर होने वाले प्रदर्शन में भारी संख्या में पहुंचने की अपील किया।

## कोर्ट ने सीतारमण पर चुनावी बॉन्ड से जुड़े मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह अध्यक्ष आदेश अय्यर ने सीतारमण और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि चुनावी बॉन्ड के जरिए डरा-धमकाकर जबरन वसूली की गई। बंगलूरू की एक अदालत ने चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली के मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।



वहीं, इस मामले को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब भाजपा नेता कब इस्तीफा मांगेंगे। जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह अध्यक्ष आदेश अय्यर ने सीतारमण और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि चुनावी बॉन्ड के जरिए डरा-धमकाकर जबरन वसूली की गई। इस मामले में बंगलूरू की पीपुल्स रिप्रेजेंटेटिव कोर्ट ने प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस ने वित्त मंत्री और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। बता दें कि केंद्र सरकार ने 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत सरकार राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे में नकद दान को खत्म करना था, ताकि राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बनी रहे। इसके बाद एसबीआई के चुनावी बॉन्ड के जरिए लोग राजनीतिक दलों को चंदा दे सकते थे। इसका खुलासा नहीं किया जाता था। पिछले साल विपक्षी दलों के आरोपों और इसके खिलाफ तमाम याचिकाओं के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। अदालत ने कहा था कि यह नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करता है। अब आदर्श अय्यर ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉन्ड के जरिए धमकी देकर जबरन वसूली की गई। जन अधिकार संघर्ष परिषद ने पिछले साल अप्रैल में अदालत में याचिका दायर कर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ईडी अधिकारियों, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के अन्य राष्ट्रीय नेताओं, भाजपा के तत्कालीन कर्नाटक अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, बी वाई विजयेंद्र के खिलाफ शिकायत की थी। अदालत ने शिकायत पर सुनवाई करते हुए बंगलूरू के तिलक नगर पुलिस थाने को चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने निर्मला सीतारमण के इस्तीफे की मांग की और कहा कि इस मामले में तीन महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'निर्मला सीतारमण के खिलाफ जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। वह कौन हैं? वह एक केंद्रीय मंत्री हैं, और उनके खिलाफ एफआईआर भी है। वे चुनावी बॉन्ड के माध्यम से जबरन वसूली में शामिल थीं और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।

# थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा 7 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार


**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नोएडा।** नोएडा थाना फेस टू अंतर्गत 24.9.24 को वादी द्वारा थाना फेस-2 पर अभियुक्त 1.बादशाह अहमद



2.राजा अहमद पुत्र मननान अली व अन्य अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा वादी के साथ मोटरसाइकिल खडी करने को लेकर मारपीट व गाली गलौच करने के संबंध मे अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था। थाना फेस-2 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से अभियुक्त 1.राजा अहमद पुत्र अब्दुल मन्नान अली 2.बादशाह अहमद पुत्र अब्दुल मन्नान अली 3.रेहान उर्फ मेहताब अली पुत्र रमजान अली 4.बाबूल पुत्र नजमूद्धीन 5.अनस पुत्र इकबाल 6.इमरान पुत्र इकबाल 7.रहीश पुत्र इस्माइल खान को थाना फेस-2 क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

## जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के 7 स्टार्टअप्स ट्रेड शो में शामिल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नोएडा।** नोएडा स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (जीएलबीआईटीएम) और जीएल बजाज सेंटर फॉर रिसर्च एंड ग्रेटर नोएडा में 25 सितंबर से 29 सितंबर, 2024 तक आयोजित व्यापार शो में अपने नवाचारों और अग्रणी स्टार्टअप्स का प्रदर्शन करेंगें। संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज



इनक्यूबेशन के द्वारा इनक्यूबेटेड 7 स्टार्टअप्स को स्टार्ट-इन यूपी, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिष्ठित उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो (यूपीआईटीएस) के द्वितीय संस्करण में अपने नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए चुना गया है।जीएलबीसीआरआई के (फैबजी प्राइवेट लिमिटेड, म्योहो फूड एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, यूथ बज़ एडुकॉम एलएलपी, निकट्री एंडेवर्स ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड, ज़िलोनी एयर प्यूरीफायर एंड कंडीशनर प्राइवेट लिमिटेड, सृष्टि शर्मा एलएलपी और बैंडिज़ टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड) इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, नॉलेज पार्क अग्रवाल ने जीएल बजाज परिवार की तरफ से चयनित नवाचरों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए बताया कि लख़नऊ में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट 2023 में माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी, गणतंत्र दिवस परेड में कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल और ग्रेटर नोएडा टेक्नोलाजिकल भवन के लोकार्पण के दौरान केंद्रीय मंत्री नारायण राणे एवं उत्तर प्रदेश सरकार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोउद्योग मंत्री राकेश सचान इन सभी स्टार्टअप्स की सराहना कर चुके हैं।

## आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर हुई सांप्रदायिक घटनाओं के बाद सरकार अलर्ट, भद्रक में इंटरनेट सेवाएं निलंबित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** भद्रक में हुई पथराव की घटना में कुछ पुलिसकर्मी भी घायल



हुए हैं। बिगड़ते हालातों को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर क्षेत्र में हुई हिंसक सांप्रदायिक घटनाओं के बाद ओडिशा के भद्रक जिले में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। दरअसल, जिला प्रशासन ने सांप्रदायिक हिंसा फैलाने के लिए इंटरनेट के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की थी, जिस पर सरकार ने निलंबित करने का आदेश दिया। पूर्वी रेंज के उप महानिरीक्षक सत्यजीत नाइक ने इससे पहले बताया था कि पथराव की घटनाओं के बाद, बीएनएसएस की धारा 163 लागू की गई है। इसके तहत एक क्षेत्र में पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक है।पूर्वी रेंज के उप महानिरीक्षक सत्यजीत नाइक ने इससे पहले बताया था कि पथराव की घटनाओं के बाद, बीएनएसएस की धारा 163 लागू की गई है। इसके तहत एक क्षेत्र में पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक है।

## पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए सहमति बनानी चाहिए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'पेट्रोल डीजल को जीएसटी दायरे में लाने के लिए सभी राज्यों की सहमति



जरूरी है और राज्यों की इसकी चुनौतियों को भी स्वीकार करना होगा।' दरअसल अभी राज्यों की कमाई में सबसे बड़ा हिस्सा पेट्रोल डीजल पर लगने वाला वैट और शराब बिक्री से मिलने वाला पैसा है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को पेट्रोल, डीजल को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के तहत लाने के लिए आम सहमति बनाने की जरूरत बताई। पुणे इंटरनेशनल सेंटर (पीआईसी) के 14वें स्थापना दिवस पर आयोजित व्याख्यान में 'आने वाले दशक में भारत की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के लिए रणनीति और उपाय' विषय पर व्याख्यान देते हुए उन्होंने कहा, 'मैं लंबे समय से पेट्रोल डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की बात कर रहा हूं। वित्त मंत्री ने भी कई मौकों पर ईंधन को जीएसटी के तहत लाने की बात कही है।'भारत की विशाल आबादी को देखते हुए ऊर्जा सुरक्षा बेहद जरूरी है। भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के लिए, भारत को रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारों पर ध्यान केंद्रित करने और आयातित ईंधन पर अपनी भारी निर्भरता को कम करने के लिए अन्वेषण और ईंधन उत्पादन पर फोकस करने की जरूरत है।

# टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के प्लांट में लगी भीषण आग, भारी नुकसान की आशंका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** घटना के समय प्लांट में 1500 के करीब कर्मचारी काम कर रहे थे। आग लगने का कारण अभी सभी कर्मचारियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई। तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के होसुर में स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के प्लांट में भीषण के सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के



पता नहीं चल सका है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी बयान जारी कर होसुर स्थित प्लांट में आग लगने की पुष्टि की है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि आग लगने पर आपातकालीन प्रोटोकॉल का पालन किया गया और आग लगने की घटना हुई है। आग काफी भीषण है, जिसके चलते प्लांट में धमाके की खबर है। आग से प्लांट में भारी नुकसान की आशंका है। आग प्लांट के सेलफोन मैन्युफैक्चरिंग सेक्शन में लगी, जिसके बाद प्लांट अनुसार, फिलहाल आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। आग से प्लांट को भारी नुकसान हुआ है। आग शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे लगी। इसके बाद प्लांट से धुएं का गुबार उठता देखा गया।

# महाराष्ट्र चुनाव से पहले आदित्य ठाकरे का दबदबा, युवा सेना को मिली बड़ी जीत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**मुंबई।** यूनिवर्सिटी सीनेट चुनाव दो बार किसी न किसी कारण से रद्द हो चुके थे। हालांकि, लंबे समय तक राजनीतिक और कानूनी विवादों सहित कई बाधाओं का सामना करने के बाद 24 सितंबर को चुनाव हुए। वोटों की गिनती शुक्रवार को हुई। मुंबई यूनिवर्सिटी सीनेट चुनाव के नतीजे आ गए हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) को बड़ी जबरदस्त जीत मिली है। उद्धव ठाकरे के बेटे और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे का करिश्मा बरकरार है। उनकी युवा सेना ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। सभी 10 सीटों पर जीत हासिल की है। सीनेट के कुल 10 सीटो में पांच सीट रिजर्व हैं, जबकि पांच ओपन है। मुंबई यूनिवर्सिटी जिसे मुंबई विद्यापीठ के नाम से जाना जाता है। सीनेट चुनाव दो बार किसी न किसी कारण से रद्द हो चुके थे। हालांकि, अगस्त 2023 से लंबे समय तक राजनीतिक और कानूनी विवादों सहित कई बाधाओं का सामना करने के बाद 24 सितंबर को चुनाव हुए। वोटों की गिनती शुक्रवार सुबह मुंबई यूनिवर्सिटी के फोर्ट परिसर में कावासजी जहांगीर दीक्षांत समारोह हॉल में हुई। इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीनेट चुनाव में वोटों की गिनती पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।2018 के चुनावों में उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली अविभाजित शिवसेना की युवा सेना ने 10 में से 10 सीटें जीती थीं। सीनेट चुनावों के नतीजों के बाद आखिरकार मुंबई यूनिवर्सिटी को ये चुनाव कराना पड़ा।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## देवरा' हिंदी से पूरी न हो सकीं उम्मीदें आरआरआर के मुकाबले बस इतना रहा कलेक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** निर्देशक एस एस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर'



में अभिनेता राम चरण के साथ मिलकर जूनियर एनटीआर ने बड़े परदे पर जो धमाल किया था, वैसी ही कुछ उम्मीद लेकर उनकी नई फिल्म 'देवरा पार्ट वन' देखने पहुंचे दर्शकों को निराशा हाथ लगी है। ये बात फिल्म के पहले दिन के हिंदी संस्करण के कलेक्शन से स्पष्ट भी होती है। फिल्म 'आरआरआर' ने रिलीज के पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 133 करोड़ रुपये की शानदार ओपनिंग ली थी और इसमें इसके हिंदी संस्करण की कमाई रही थी, करीब 21 करोड़ रुपये। 'देवरा पार्ट वन' का हिंदी संस्करण रिलीज के पहले दिन इसके मुकाबले दहाई के अंकों में भी नहीं पहुंच पाया है। 'बाहुबली' जैसी रिकॉर्डतोड़ कमाई करने वाली फिल्मों के वितरक अनिल थडानी की कंपनी एए फिल्म्स ने ही फिल्म 'देवरा पार्ट वन' को भी हिंदी में रिलीज किया है। फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर आखिरी सूचना मिलने तक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 77 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली है। इसमें तेलुगु का हिस्सा 68.60 करोड़ रुपये और हिंदी का हिस्सा करीब सात करोड़ रुपये है। बाकी भारतीय भाषाओं में से किसी में भी 'देवरा पार्ट वन' एक करोड़ रुपये भी नहीं कमा सकी। इसी साल जून में रिलीज हुई प्रभास की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' से भी फिल्म 'देवरा पार्ट वन' पहले दिन काफी पीछे रही। निर्देशक नाग अश्विन की दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन व कमल हासन जैसे सितारों से सजी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने रिलीज के पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 95.30 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली थी। फिल्म के तेलुगु संस्करण ने पहले दिन 65.80 करोड़ रुपये ही कमाए थे, लेकिन फिल्म के हिंदी संस्करण का कलेक्शन 22.50 करोड़ रुपये और तमिल संस्करण का कलेक्शन 4.5 करोड़ रुपये रहा था। यहां तक कि फिल्म ने मलयालम में भी 2.20 करोड़ रुपये कमा लिए थे रिलीज के पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली साउथ सिनेमा की फिल्म अब तक अभिनेता यश की प्रशांत नील निर्देशित फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' रही है। इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन अकेले हिंदी संस्करण से 53.95 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म की पहले दिन की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई रही थी 116 करोड़ रुपये और इसमें फिल्म की मूल भाषा कन्नड़ से हुई कमाई 22.85 करोड़, तेलुगु संस्करण से 26.40 करोड़, तमिल से 7.90 करोड़ और मलयालम संस्करण से हुए कमाई 4.90 करोड़ रुपये शामिल है।

## खतरों के खिलाड़ी' बनने की दौड़ में इन प्रतिभागियों के बीच होगा मुकाबला विजेता को मिलेगा लाखों का इनाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 14' के फाइनल एपिसोड और विजेता के नाम को लेकर दर्शक के ग्रैंड फिनाले को लेकर अब दर्शक काफी चर्चा कर रहे हैं। शो की ओर से टॉप खिलाड़ियों के नाम जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही शो के



काफी चर्चा कर रहे हैं। इस शो में टॉप 5 फाइनलिस्ट को दी जाने वाली प्राइज मनी के नाम को लेकर चर्चा हो रही है। आइए आपको बताते हैं कब और कहां देख सकते हैं ये शो। खतरों के खिलाड़ी सीजन 14' का फिनाले अब बहुत नजदीक है। शो फाइनलिस्ट का नाम भी फाइनल एपिसोड में सामने आ जाएगा। इससे पहले कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं फाइनलिस्ट के नाम को लेकर, उन्हें दिए जाने वाले प्राइज मनी को लेकर। आइए आपको बताते हैं 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 14' के टॉप 5 खिलाड़ियों के नाम 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 14' के रोमानिया में शूट हुए शो में कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस शो में फाइनल तक का सफर तय करने वाले खिलाड़ियों में 5 खिलाड़ी शामिल हैं। टॉप फाइनलिस्ट में अभिषेक कुमार, कृष्णा श्रॉफ, शालीन भनोट, करणवीर मेहरा, गश्मीर महाजनी शामिल हैं। खबरों की मानें तो फाइनलिस्ट के लिए करणवीर मेहरा के नाम को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। दावा किया जा रहा है कि शो के विनर के करणवीर मेहरा हैं। हालांकि, इस नाम को लेकर मेकर्स की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। रिएलिटी शो में खिलाड़ियों की जीत से ज्यादा उनको मिलने वाले प्राइजमनी पर सभी की नजर रहती है। शो में जीतने वाले खिलाड़ी के लिए मेकर्स ने 20 लाख रुपये नकद और लग्जरी ब्लैक कार और चमचाती ट्रॉफी भी दी जाएगी। ये शो 29 सितंबर को रविवार रात 9 बजे कलर्स पर प्रसारित किया जाएगा। ओटीटी चैनल पर भी इसका लाइव प्रसारण दर्शक देख सकते हैं। फाइनल एपिसोड में आलिया भट्ट और वेदांग रैना अपनी आगामी फिल्म जिगरा को प्रमोट करते नजर आएंगे।

## सुपरस्टार की बेटी, फिर भी नॉर्मल गुजरा बचपन, सोनाक्षी बोलीं- हम सोशल मीडिया के बिना बड़े हुए


**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल हिंदी सिनेमा के मशहूर कपल हैं। सोशल मीडिया पर दोनों अक्सर एक दूसरे के प्रति प्यार जताते नजर आते हैं। इसके अलावा दोनों ने आगे कहा, ठमेरी परवरिश बॉम्बे में मेरे दोस्तों की तरह ही हुई। जब मैं सात या आठ साल की हुई, तब मुझे एहसास हुआ कि मेरे पिता क्या करते थे। मैं लोगों को ऑटोग्राफ मांगते और उनके इर्द-गिर्द बड़ी भीड़ देखते



अक्सर चर्चाओं में भी बने रहते हैं। सोनाक्षी भी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में, सोनाक्षी सिन्हा ने बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी के रूप में अपने बचपन के बारे में खुलकर बात की है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। सोनाक्षी सिन्हा ने हाल ही में बॉलीवुड आइकन शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी के रूप में अपने बचपन के बारे में बात की। एक इंटरव्यू में जब उनसे बॉलीवुड परिवार में पले-बढ़े होने के अपने अनुभव के बारे में पूछा गया, तो सोनाक्षी ने कहा, ईमानदारी से, जब लोग मुझसे यह पूछते हैं, तो मुझे नहीं पता कि क्या कहना है क्योंकि मेरा मानना है कि यह किसी और के बचपन की तरह ही नॉर्मल था अभिनेत्री हुए देखती थी, और तब मुझे यह बात समझ में आई अपनी मां को अपनी परवरिश का श्रेय देते हुए सोनाक्षी ने कहा, ठलेकिन मुझे लगता है कि इसका श्रेय मेरे माता-पिता, खासकर मेरी मां को जाता है, जिन्होंने फिल्मों और राजनीति में पिता के व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद हम तीनों को सबसे नॉर्मल बचपन दिया। सोनाक्षी ने यह भी बताया कि सोशल मीडिया के बिना बड़े होने से उनका बचपन ज्यादा प्राइवेट रहा। उन्होंने बताया, ठमेरे या मेरे परिवार का लगातार पीछा करने वाले कोई पैपराजी नहीं थे , जिससे हम लोगों की नजरों से दूर बड़े हुए।ठ उन्होंने बताया कि कैसे बचपन में सोशल मीडिया की कमी ने उन्हें आधुनिक समय के मशहूर हस्तियों के बच्चों की तुलना में ज्यादा सुरक्षित परवरिश दी।

## भूल भुलैया 3' के टीजर को मिली जबर्दस्त प्रतिक्रिया, कार्तिक आर्यन ने पोस्ट साझा कर जताया आभार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म 'भूल भुलैया 3' का टीजर हाल में ही जारी किया गया है, जिसे दर्शकों से काफी शानदार



प्रतिक्रिया मिली है। अभिनेता ने एक खास पोस्ट साझा कर दर्शकों का आभार व्यक्त किया है। कार्तिक आर्यन इन दिनों काफी चर्चा में हैं। उन्होंने अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता साबित भी की है, जिस वजह से उन्हें काफी पसंद भी किया जा रहा है। उनकी पिछली फिल्म चंदू चैंपियन से उन्होंने अपने लिए काफी तारीफें जुटाई हैं। इससे पहले वह ज्यादातर फिल्मों में एस जैसे ही किरदार में नजर आए थे, लेकिन चंदू चैंपियन उनके अभिनय करियर में एक बेहद खास फिल्म बन कर उभरी। अब एक बार फिर वह अपने पुराने एंटरटेनिंग मोड में नजर आ रहे हैं। हाल में ही उनकी आगामी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की टीजर जारी हुआ है, जिसे दर्शकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म 'भूल भुलैया 3' का टीजर बीते शुक्रवार को रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इस फिल्म के टीजर ने दर्शकों को चौंका दिया है। इससे पूरी टीम का उत्साह काफी बढ़ गया है। अभिनेता भी अपनी फिल्म के टीजर को मिली प्रतिक्रिया से फूले नहीं समा रहे हैं। टीजर को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से वह इस वक्त सातवें आसमान पर हैं। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए फैंस का आभार व्यक्त किया है। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, ठट्रेंडिंग नंबर 1, रूह बाबा और मंजुलिका दोनों ही इस जबरदस्त प्रतिक्रिया की वजह से सातवें आसमान पर हैं।

## तुम मेरा गर्व हो, तुम्हारी सारी मुरादें पूरी हों', रणबीर के जन्मदिन पर नीतू सिंह ने दिया आशीष

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के जन्मदिन के मौके पर मां नीतू सिंह और बहन रिद्धिमा कपूर ने अभिनेता के लिए स्पेशल पोस्ट साझा किया है। तस्वीरों के साथ दोनों ने रणबीर के लिए खूबसूरत नोट लिखे हैं अभिनेता रणबीर कपूर आज 28 सितंबर को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर इंडस्ट्री के तमाम सितारों ने उन्हें बधाई दी है। मां नीतू सिंह ने भी बेटे के खास दिन पर सोशल मीडया पर पोस्ट साझा कर उन्हें आशीर्वाद दिया है। साथ ही बहन रिद्धिमा कपूर ने भी भाई के लिए चुलबुला सा नोट लिखा है। नीतू सिंह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर बेटे रणबीर कपूर के साथ एक फोटो साझा किया है। इसके साथ लिखा है, 'जन्मदिन मुबारक हो। तुम मेरा गर्व हो। मेरी खुशियां तुमसे जुड़ी हैं। दुआ है कि तुम्हारी सारी मुरादें पूरी हों, जो भी तुम चाहते हो हर विश पूरी हो'। इसके अलावा बहन रिद्धिमा ने भी इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'मेरे प्यारे भाई को जन्मदिन मुबारक हो, जो अब छोटू सा नहीं है। लव यू'। रिद्धिमा ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया है, इसमें रणबीर की बचपन से लेकर अब तक की तस्वीरों को संजोया गया है। रणबीर कपूर के साथ-साथ आज रिद्धिमा कपूर की बुआ रीमा कपूर का भी जन्मदिन है। रिद्धिमा ने बुआ के लिए भी स्टेटस अपडेट किया है। रीमा कपूर की तस्वीर साझा कर लिखा है, 'सबसे कूल और ग्लैमरस बुआ को जन्मदिन मुबारक हो। आपको डार्क चॉकलेट से भी बढ़कर प्यार'। रणबीर कपूर आज 42 वर्ष के हो गए हैं। उनका जन्म 28 सितंबर 1982 को हुआ। उन्होंने वर्ष 2007 में फिल्म 'सांवरिया' से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। हालांकि, यह फिल्म नहीं चली। इसके बाद उन्होंने बचना ऐ हसीनों, लक बाय चांस, वेक अप सिड, अजब प्रेम की गजब कहानी, राजनीति, रॉकस्टार, बर्फी, शमशेरा और ब्रह्मास्त्र सहित कई फिल्मों में काम किया। बीते वर्ष उनकी फिल्म 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के तमाम रिकॉर्ड बनाए। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि रणबीर कपूर नितेश तिवारी की 'रामायण' में नजर आएंगे। हालांकि, अभी इसका आधिकारिक रूप से एलान नहीं हुआ है।



## मैं शाहरुख खान से बहुत ज्यादा प्रभावित था', 'रा वन' की बॉक्स ऑफिस असफलता पर बोले अनुभव सिन्हा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुभव सिन्हा ने अपनी फिल्म 'रा वन' के बारे में खुलकर बात की है। शाहरुख खान की सुपरहीरो एक्शन फिल्म दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हुई थी। हालांकि, फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन काफी निराशाजनक रहा था। फिल्म में शाहरुख के साथ करीना कपूर ने भी स्क्रीन स्पेस साझा किया था और फिल्म के गाने आज भी लोगों की जुबां पर चढ़े हुए हैं। अब अनुभव सिन्हा ने बताया है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर क्यों कमाल नहीं दिखा सकी है। फिल्म निर्माता ने कहा कि शाहरुख ने 'रा वन' के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, लेकिन शायद वह जिस स्टार को निर्देशित कर रहे थे, उससे बहुत अधिक आकर्षित हो गए थे। मुकेश छाबड़ा के साथ मैशेबल इंडिया पॉडकास्ट के दौरान अनुभव सिन्हा ने कहा कि उन्होंने हाल ही में शाहरुख से मुलाकात की और उनके बीच 2011 में रिलीज हुई इस फिल्म का विषय सामने आया।अनुभव सिन्हा ने कहा, 'मैंने उनसे कहा कि मैं आप पर इतना आकर्षित हो गया हूं और एक निर्देशक को अपने अभिनेता पर आकर्षित नहीं होना चाहिए। मैं वाराणसी से हूं। मेरे फिल्मों में आने से पहले ही संजय दत्त एक स्टार थ। 'दस' बनाते समय मैं उन्हें 'संजू' कहकर बुलाता था, फिर शाहरुख मेरे सामने स्टार बन गए, वह लगभग मेरे ही समय मुंबई आए थे । फिर जब वो स्टार बनने लगे तो मैं भी उनका फैन हो गया।

## आराध्या आपके साथ हर जगह क्यों जाती हैं इस सवाल पर ऐश्वर्या ने कहा- वह मेरी बेटी हैं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय कई इंटरनेशनल फिल्म और फैशन इवेंट्स में शामिल होती रहती




हैं। पेरिस फैशन वीक से भी उनकी कई तस्वीरें सामने आईं, जिनमें वे हॉलीवुड सितारों से बात करती नजर आ रही हैं। हालांकि, ऐश्वर्या जहां भी जाती हैं, अपनी बेटी आराध्या को साथ लेकर जाती हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर यूजर्स के मन में सवाल पैदा होता है कि आखिर हर समय आराध्या बेटी को हर जगह साथ लेकर क्यों जाती हैं। अब अभिनेत्री ने खुद इस सवाल का जवाब दिया है। हाल ही में, एक इवेंट में जब एक रिपोर्टर ने ऐश्वर्या राय बच्चन पूछा कि आराध्या हमेशा हर जगह उनके साथ क्यों रहती है। अभिनेत्री ने कहा, वह मेरी बेटी है। वह हर जगह मेरे साथ जाती है। इस हफ्ते की शुरुआत में आराध्या ऐश्वर्या के साथ पेरिस भी गईं, जहां ऐश्वर्या ने लोरियल पेरिस इवेंट में रैंप वॉक किया। वह ऐश्वर्या के साथ कई कान फिल्म फेस्टिवल और अन्य इवेंट में भी गई हैं। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर ऐश्वर्या ने फिल्म निर्माता मणिरत्नम के पैर छूने की एक क्लिप पोस्ट की। निर्देशक ने पोन्नियिन सेलवन घ्घ् के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (तमिल) का पुरस्कार जीता। ऐश्वर्या ने मणिरत्नम को पुरस्कार दिया। उन्होंने आशीर्वाद लेने के लिए उनके पैर छुए और मुस्कुराते हुए उन्हें गले भी लगाया। इस कार्यक्रम में मणिरत्नम सफेद शर्ट, नीली जैकेट और पैंट में नजर आए। उन्होंने मणिरत्नम की तारीफ करते हुए कहा, ठमैं एक निर्माता के रूप में उनके विकास के बारे में बात भी नहीं कर सकती क्योंकि मैंने हमेशा उनका सम्मान किया है। इसलिए शुरू से ही, मैं बस यही कहती हूं कि मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे अपनी पहली फिल्म में उनके साथ काम करने का मौका मिला। मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं कि उन्होंने मुझे पोन्नियिन सेलवन में अपनी नंदिनी बनने के लिए कहा।इससे पहले ऐश्वर्या और आराध्या दुबई के अवॉर्ड शो एघ्र्छ्ैं 2024 में नजर आईं थीं। ऐश्वर्या राय बच्चन ने इस अवॉर्ड शो में मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। अवॉर्ड फंक्शन के दौरान भी आराध्या काफी चर्चा में रही थीं। उन्होंने शिव राज कुमार के पैर छूकर आशीर्वाद लिया था, ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद प्रशंसकों ने आराध्या के संस्कारों और परवरिश की तारीफ की।

## महिलाओं को 16वीं से 21वीं सदी तक दबाया गया है', हेमा कमेटी रिपोर्ट पर बोलीं शबाना आजमी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** शबाना आजमी हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने शानदार अभिनय क्षमता से दर्शकों का काफी मनोरंजन किया है। एक सफल अभिनेत्री होने के साथ-साथ वह मशहूर गीतकार और का एक विरोधाभास रही हैं, ठीक भारत की तरह अभिनेत्री ने आगे कहा कि महिलाओं की कहानियों पर फिर से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी बताया कि महेश भट्ट की निर्देशित उनकी एक फिल्म अर्थ को आज फिर से रिलीज किया जाना



लेखक जावेद अख्तर की पत्नी भी हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट पर अपने विचार साझा किए और महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या कहा है।एक इवेंट में शबाना आजमी ने सदियों से भारत में महिलाओं को लगातार दबाए जाने के मुद्दे पर अपनी राय रखी है। शबाना ने कहा, ठआपको यह समझना चाहिए कि भारत में महिलाओं ने सदियों से अपनी यात्रा की है। 16वीं से 21वीं सदी तक, उन्होंने प्रगति की है, लेकिन साथ ही उन्हें दबाया भी गया है। भारत में महिलाएं प्रगति और दमन चाहिए क्योंकि यह अभी भी प्रासंगिक है और महिला आंदोलन के बारे में बात करती है। 1982 की यह फिल्म महिलाओं के संघर्ष और स्वतंत्रता को दर्शाती है। हेमा रिपोर्ट केरल सरकार ने बनाई गई थी। जस्टिस हेमा समिति का गठन 2017 में एक प्रमुख अभिनेत्री से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल यौन उत्पीड़न मामले के मद्देनजर किया गया था। इसकी रिपोर्ट का प्राथमिक उद्देश्य मलयालम अभिनेत्रियों द्वारा सामना की जाने वाली कार्य स्थितियों, यौन उत्पीड़न और लैंगिक असमानता की जांच करना है।इसने मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के बारे में परेशान करने वाली सच्चाइयों को उजागर किया।

## कंट्रोल' देखने के बाद ऐसी थी अनन्या के घरवालों की प्रतिक्रिया, अभिनेत्री ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वट)**
**नई दिल्ली।** अन्या पांडे अपनी आगामी फिल्म 'कंट्रोल' को लेकर इन दिनों काफी चर्चा में हैं। हाल में ही उन्होंने इस फिल्म को देखने के बाद अपने 'कंट्रोल' एक साइबर थ्रिलर होने वाली है। अभिनेत्री ने फिल्म में काम करने को लेकर कहा, ठयह बहुत ही डरावनी है। मैं तकनीक के बारे में बहुत कम जानती हू, जब बात कृत्रिम भविष्य में ऐसा होने वाला है। अब जब फिल्म रिलीज हो रही है, तो हम आपस में मजाक करते हुए कहते हैं कि यह तो ऐसा लगता है, जैसे ये लगभग एक डॉक्यूमेंट्री है।बताते चलें



घरवालों की प्रतिक्रिया को लेकर बात की है। अनन्या पांडे हिंदी फिल्मों की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। इसके साथ ही वह इंडस्ट्री के उन स्टार किड्स में से एक हैं, जिन्हें काफी चर्चा मिलती हैं। अनन्या बीते कुछ समय से लगातार अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। महीने की शुरुआत में रिलीज हुई उनकी डेब्यू ओटीटी सीरीज कॉल मी बे को लेकर वह काफी चर्चा में थीं। अब वह अपनी आगामी फिल्म को लेकर 'कंट्रोल' को सुर्खियों में हैं। हाल में ही उन्होंने अपनी इस फिल्म को लेकर घर वालों की प्रतिक्रिया को साझा किया है। अनन्या पांडे की ये आगामी फिल्म बुद्धिमता की आती है, तो मैं बिल्कुल भी नहीं जानती कुछ नहीं पता।ठ अभिनेत्री ने फिल्म को देखने के बाद घरवालों की प्रतिक्रिया को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा,ठ इस फिल्म को देखने के बाद मेरे घर में वास्तव में दस मिनट का सन्नाटा छा गया, क्योंकि यह बहुत प्रभावशाली और डरावनी है।ठअनन्या पांडे ने इस दौरान कहा कि उन्हें लगता था कि तकनीक को लेकर होने वाली ये सारी डरावनी चीजें भविष्य की बात हैं। हालांकि, अब उन्हें लगता है कि ये सारी चीजें होने लगी हैं। अभिनेत्री ने कहा, ठमुझे लगता है कि जब हमने फिल्म की शूटिंग शुरू की, तो ऐसा लगा कि यह एक दूर की वास्तविकता है, शायद कि 'कंट्रोल' का ट्रेलर कुछ समय पहले ही रिलीज किया गया है, जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। अनन्या पांडे इसमें नेला का किरदार निभा रही हैं, जो कृत्रिम बुद्धिमता पर बहुत ज्यादा निर्भर हो जाती है, जिसके बाद उसके जीवन में कई तरह के भयावह बदलाव आ जाते हैं। इस फिल्म को विक्रमादित्य मोटवानी ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण सैफरन मैजिकवर्क्स और आंदोलन फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म में अनन्या पांडे के अलावा विहान सामत भी नजर आने वाले हैं, जो उनकी पिछली सीरीज कॉल मी बे में भी नजर आए थे। ये सीरीज 4 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# सम्पादकीय

## हरियाणा में शह-मात और भितरघात, नतीजों को प्रभावित कर सकते हैं छोटे दल

कांग्रेस-भाजपा के घोषणापत्रों की बात करें वे आसपास खुली दो दुकानों पर लगे एक-दूसरे से ज्यादा 'आकर्षक सेल' के विज्ञापन जैसे नजर आते हैं पर मतदाता दोनों को दस-दस साल देख चुके हैं। इसलिए चुनावी वादों को अनुभव की कसौटी पर भी कसा जाएगा। कुछ धारणाओं की चर्चा अक्सर होती है। मसलन हरियाणा के मतदाता किसी को जिताने के लिए नहीं बल्कि किसी को हराने के लिए वोट करते हैं। हरियाणा को हल्के में लेना अक्सर भारी पड़ जाता है। नामांकन वापसी और घोषणापत्र जारी होने के बाद की तस्वीर बताती है कि चुनाव एकतरफा नहीं होने जा रहा। दलबदल, टिकट वितरण और लोकलुभावन वादों से भी साफ है कि सत्ता के दावेदार चुनावी बिसात पर कोई कसर नहीं छोड़ने वाले। ऐसे में भितरघात के चलते सत्ता कोई भी करवट ले सकती है। कुछ विरोधी टिकट वितरण में निपटा दिए गए तो कुछ को चुनाव में ठिकाने लगाया जा सकता है। बेशक सत्ता के प्रमुख दावेदार भाजपा और कांग्रेस ही हैं, लेकिन मुकाबला बहुकोणीय होगा। अन्य दलों-निर्दलियों की भूमिका इनका खेल बनाने-बिगाड़ने की ज्यादा रहेगी। यदि कांग्रेस और भाजपा के घोषणापत्रों की बात करें तो वे आसपास खुली दो दुकानों पर लगे एक-दूसरे से ज्यादा 'आकर्षक सेल' के विज्ञापन जैसे नजर आते हैं, पर मतदाता दोनों को दस-दस साल देख चुके हैं। इसलिए चुनावी वादों को अनुभव की कसौटी पर भी कसा जाएगा। कुछ धारणाओं की चर्चा अक्सर होती है। मसलन, हरियाणा के मतदाता किसी को जिताने के लिए नहीं, बल्कि किसी को हराने के लिए वोट करते हैं। यह भी कि राज्य के मतदाता अमूमन उसी दल या गठबंधन को वोट करते हैं, जिसकी केंद्र में सरकार होती है या फिर बनने वाली होती है। ऐसे में कुछ स्वाभाविक सवाल हैं। मसलन 2019 के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने किसे हराने के लिए वोट किया था कांग्रेस की जीत की संभावनाएं तब भी बताई गई थीं। फिर वह सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा से भी नौ सीटें पीछे कैसे रह गई अब केंद्र में राजग सरकार है और अगले लोकसभा चुनाव 2029 में होंगे। ऐसे में हरियाणा के मतदाता किसे चुनेंगे? कई बार साबित हो चुका है कि भारत जैसे विविधतापूर्ण एवं बहुलतावादी देश में मतदाताओं का मन भांपना या उसे किन्हीं परंपराओं-धारणाओं में कैद करके देखना चुनावी पंडितों की खामख्याली भर है। क्या किसी ने 2019 में भविष्यवाणी की थी कि नवगठित जजपा 'किंग मेकर' साबित होगी? तब भाजपा ने 'अब की बार, 75 पार' का नारा दिया था। जजपा ने जवाब में भाजपा को 'यमुना पार भेजने' का नारा दिया था, लेकिन त्रिशंकु विधानसभा बनी तो दोनों ने गठबंधन कर लिया। साढ़े चार साल गठबंधन सरकार चलाने के बाद रास्ते अलग हो गए तो अब फिर एक दूसरे के विरुद्ध ताल ठोकी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि भाजपा के विरुद्ध दस साल की सत्ता विरोधी भावना के चलते इस बार कांग्रेस के लिए स्थितियां अपेक्षाकृत अनुकूल हो सकती हैं, लेकिन इस अतीत को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस जीती हुई बाजी हारने में माहिर हो चली है तो भाजपा हारी हुई बाजी जीतने में भी कोई कसर नहीं छोड़ती। दरअसल, भाजपा के लिए कांग्रेस से बड़ी चुनौती किसान आंदोलन, अगिन्वीर योजना और महिला पहलवानों के धरना-प्रदर्शन से अपने विरुद्ध बना जनमानस है, क्योंकि सत्ता विरोधी भावना पांच साल से बढ़कर दस साल हो जाने के अलावा तो कांग्रेस के पक्ष में और कुछ नहीं। हां, इस बीच भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बढ़ते वर्चस्व के चलते कुलदीप बिशनेई और किरण चौधरी सरीखे दिग्गज कांग्रेस को अलविदा अवश्य कह गए हैं। अभी भी कांग्रेस में मौजूद दो राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला मुख्यमंत्री पद के लिए ताल ठोक ही रहे हैं। अंतर्कलह का आलम यह है कि एक दशक से भी ज्यादा समय से कांग्रेस हरियाणा में बिना संगठन चुनाव लड़ रही है। सांसदों को विधानसभा चुनाव न लड़वाने की नीति के नाम पर सैलजा और सुरजेवाला को तो टिकट नहीं ही मिला और उनके समर्थकों को भी टिकट देने में कंजूसी की गई। नतीजतन, चुनाव प्रचार में सैलजा और सुरजेवाला ज्यादा सक्रिय नजर नहीं आ रहे। टिकटों में लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा बताता है कि हुड्डा कांग्रेस के लिए अपरिहार्य हैं। टिकट वितरण के मामले में भाजपा में भी आंतरिक असंतोष-आक्रोश कम नहीं। आप, सपा और माकपा को कुछ सीटें देकर विपक्षी मोर्चे आइएनडीआइए की एकता की तस्वीर पेश करने से जुड़े राहुल गांधी के सोच की अंतिम परिणति यह हुई कि आप और सपा को धता बताकर दशकों से हरियाणा में बेअसर माकपा के लिए एक सीट छोड़ दी गई। बेशक कुछ सीटों पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही बागियों को मनाने में सफल रही हैं, लेकिन फिर भी राह निष्कंटक नहीं। 'अपनों' से ज्यादा 'गैरों' पर भरोसा जताना भी पाटिर्यों को भारी पड़ सकता है। अंबाला का मामला बेहद दिलचस्प है। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह की हुड्डा से निकटता छिपी नहीं है। जब सैलजा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थीं तो निर्मल सिंह ने अपनी बेटी चित्रा सरवारा के साथ पार्टी छोड़कर अलग संगठन बना लिया था। बाद में वह आप में चले गए। आप में उन्हें महत्व भी मिला, लेकिन हुड्डा का वर्चस्व बढ़ता देख पिता-पुत्री कांग्रेस में वापस लौट आए। कांग्रेस ने निर्मल को अंबाला शहर से टिकट भी दे दिया, लेकिन उनकी बेटी चित्रा अंबाला कैंट से निर्दलीय उम्मीदवार बन गई हैं। पिछली बार निर्दलीय लड़कर चित्रा 44 हजार वोट पाने में सफल रही थीं और भाजपा उम्मीदवार अनिल विज 20 हजार वोटों से जीत गए थे। जमानत मिलने और दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंद केजरीवाल 'हरियाणा का बेटा' बनकर जब चुनाव प्रचार करेंगे तो सत्ता विरोधी वोटों का विभाजन बढ़ेगा ही, जिससे कांग्रेस को नुकसान और भाजपा को लाभ होगा। पिछली बार लगभग एक दर्जन सीटों पर हार-जीत का अंतर ज्यादा नहीं था। ऐसे में जीतें भले नहीं, लेकिन आप तथा इनेलो-बसपा-हलोपा और जजपा-असपा गठबंधनों को मिलने वाले वोट नतीजों को प्रभावित तो कर ही सकते हैं।

## नई विभाजक रेखाएं खींचने की कोशिश, विभाजनकारी राजनीति से रहना होगा सावधान

अपने देश में विभाजनकारी राजनीति नई नहीं है। हम भारतीय तो इसे विस्मृत कर ही नहीं सकते कि किस तरह इसी राजनीति ने भारत का विभाजन कराया। तब केवल हिंदुओं और मुसलमानों को दो अलग-अलग कौम यानी राष्ट्र ही नहीं बताया गया था, बल्कि हिंदू और उर्दू में भी भेद पैदा कर यह साबित करने की कुचेष्टा की गई थी कि उर्दू मुसलमानों की और हिंदी हिंदुओं की भाषा है। ऐसी ही विभाजनकारी राजनीति नए सिरे से सिर उठाती दिख रही है। यदि कोई यह कहे कि भारत में अन्य भारतीय भाषा भाषियों पर हिंदी को न केवल थोपा जा रहा है, बल्कि तमिल, तेलुगु, कन्नड़ आदि बोलने वालों से यह भी कहा जा रहा है कि उनकी भाषा, उनकी संस्कृति और उनका खानपान कमतर है तो यह हर दृष्टि से एक विभाजनकारी और वैमनस्य पैदा करने वाला बयान है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का काम पहले भी किया गया है, लेकिन यह पहली बार सुनने को मिल रहा है कि अन्य भारतीय भाषा भाषियों से कहा जा रहा है कि उनकी भाषा के साथ उनकी संस्कृति और उनका खानपान भी कमतर है। कहना कठिन है कि राहुल गांधी के पहले भाषा को लेकर इतनी बेतुकी और भड़काऊ बात किसने कही थी। अपने हालिया अमेरिका दौरे के दौरान वह केवल यहीं तक सीमित नहीं रहे।यहइस दौरान प्रताप सिंह बाजवा यह बोले कि केंद्र सरकार ने पंजाब की आर्थिक नाकाबंदी कर रखी है और चन्नी ने यह समझाया कि मोदी सरकार पंजाब की खेती को नष्ट करना चाहती है। ऐसे बयान खालिस्तान समर्थकों के मन की मुराद पूरी करने वाले ही हैं।

# कानून-व्यवस्था को परिभाषित करते हैं योगी आदित्यनाथ- उप राष्ट्रपति

नोएडा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कैसे वर्णन किया जाए, देश का सबसे बड़ा राज्य उनके गतिशील शासन में फल-फूल रहा है। योगी जी इस राज्य के लिए गेम चेंजर साबित हुए हैं और इससे देश को काफी मदद मिल रही है। मैं उनके 24ग7 कार्य करने की विशेष शैली से अभिभूत हूं। यह बातें बुधवार को मा0 उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया




एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के शुभारंभ के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए कानून और व्यवस्था से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। कानून और व्यवस्था लोकतंत्र को परिभाषित करती है और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानून और व्यवस्था को परिभाषित करते हैं। इससे पहले मा0 उप राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यहां बने विभिन्न हॉल में लगाए गये स्टालों का अवलोकन किया। साथ ही मणिदीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।माननीय उप राष्ट्रपति ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयोजन में आकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि यहां विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करने पर ऐसा लगा कि वह दुनिया के सबसे विकसित देश में हैं। यह आयोजन प्रदेश के कारीगरों, शिल्पकारों तथा दुनियाभर के बायर्स को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करता है। इतने विचारशील, दूरदर्शी और व्यावहारिक सोच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। माननीय उप राष्ट्रपति ने इस बात को लेकर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में दक्षिण एशिया में प्रभावशाली जीडीपी वाला देश वियतनाम भागीदार देश के रूप में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि वियतनाम को इस बात के लिए आश्वस्त होना चाहिए कि वह सही जगह पर है क्योंकि वे यहां सर्वश्रेष्ठ लोगों से जुड़ सकते हैं। हम भारत और यूपी के साथ-साथ वियतनाम की समृद्ध संस्कृति का भी अनुभव यहां प्राप्त कर सकते हैं। दोनों देशों के बीच समानता अद्भुत है। अपने अनूठे स्वाद के लिए प्रसिद्ध वियतनामी व्यंजनों का लुत्फ यूपी और देश भर के आगंतुक यहां उठा सकते हैं। यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के लिए फायदेमंद होंगे। यह मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का दूरदर्शी नेतृत्व है कि उन्होंने ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद किया है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और यहां आने वाला हर कोई अपने साथ खुशी के पल की अनुभूति लेकर जाएगा। माननीय उप राष्ट्रपति ने कहा कि पूरे देश को इस आयोजन के बारे में जानकारी होनी चाहिए। संसद टीवी के जरिए इसका प्रदर्शन होना चाहिए। प्रदर्शनी के जरिए प्रदेश की तकनीकी, सांस्कृतिक संपदा, एक जिला-एक उत्पाद आदि को दर्शाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच कार्यों के क्रियान्वयन का तालमेल बेजोड़ है। इसमें भ्रष्टाचार और अकुशलता के लिए कोई जगह नहीं है। मुख्यमंत्री जी के निरंतर प्रयासों से यूपी तेजी से उद्यम प्रदेश बन रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यता होने पर गर्व है, लेकिन हम बीच में कहीं खो गए थे, हालांकि अब हमने इसे फिर से गति दी है, इससे अधिक संतोषजनक कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुशासन के लिए फ्रंट फुट पर खेल रहे हैं। एक दशक आर्थिक स्थिति लड़खड़ा रही थी, लेकिन वर्तमान में 360 डिग्री का बदलाव बेहतरी का संदेश है और यह दुनियाभर के लिए निवेश का पसंदीदा वैश्विक गंतव्य बन चुका है।माननीय उप राष्ट्रपति ने कहा कि यूपी सभी क्षेत्रों में विकास और नवाचार की गतिविधियों से भरा हुआ है। दो साल में हमारी अर्थव्यवस्था जर्मनी और जापान से आगे बढ़कर तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से प्रदेश में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे व हाईवे को सुदृढ़ इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में देखा जा रहा है। मा0 प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में 12 नए औद्योगिक क्षेत्र शुरू हुए हैं, एआई ने अपनी जगह बनाई है। विश्व बैंक और आईएमएफ हमारी प्रशंसा कर रहे हैं। हमारा डिजिटलीकरण और तकनीकी पैठ बहुत बढ़िया है। मेक इन इंडिया के एक दशक ने विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम दिए हैं और यूपी इसमें अग्रणी है। माननीय उप राष्ट्रपति ने कहा कि कानून और व्यवस्था से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाला राज्य है, जहां कानून-व्यवस्था की चुनौतियां, भय का माहौल और विकास की संभावनाएं कम थीं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अब यह राज्य विकास की ओर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। यह परिवर्तन अकल्पनीय है। एक तरह से यूपी का पूरा कायाकल्प हो गया है। भ्रष्टाचार अब यूपी में अतीत की बात हो गई है। सबसे बड़ा राज्य यूपी अब देश की बहुत बड़ी ताकत बन गया है। उन्होंने कहा कि यूपी 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचने की आकांक्षा रखता है। यहां बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर ध्यान केंद्रित करना इसे शक्तिशाली राज्य बनाता है। इन सबमें योगी इफेक्ट स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। नोएडा ने यूपी के सकल घरेलू उत्पाद में 10 प्रतिशत का योगदान दिया है। यह शहर कौशल से भरपूर है। यह राज्य विकास का इंजन है और देश को आगे ले जाने के लिए तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह योगी आदित्यनाथ के विजन से प्रभावित हैं। माननीय उप राष्ट्रपति ने कहा कि यह केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि सभी के लिए अवसरों की टोकरी है। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत और स्थानीय से वैश्विक के मंत्र को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि देश में बहुत बड़ा महायज्ञ हो रहा है, जो 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को पूरा करेगा, इसमें



हम सभी को भी आहुति देनी होगी। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुये मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी के साथ ही उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला भी राज्य है। एक सर्वे के अनुसार यूपी के 75 जनपदों में 96 लाख एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद यूपी में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों वर्ष से अलग-अलग क्षेत्रों में यूपी के अंदर रोजगार सृजन के लिए हस्तशिल्पियों, कारीगरों ने इन्हें बढ़ाने में योगदान दिया था, लेकिन आजादी के बाद उचित प्रोत्साहन के अभाव व समय पर तकनीक न मिलने से वे बंदी के कगार पर पहुंच चुके थे। 2017 में उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व, मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया। इसमें ओडीओपी के रूप में सभी 75 जनपदों का यूनिक प्रोडेक्ट तय किया। इसके प्रोत्साहन, ब्रांडिंग, मार्केटिंग, डिजाइनिंग, पैकेजिंग, टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए अभियान को बढ़ाया गया। यूपी में यह रोजगार सृजन के सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोरोना के दौरान यूपी के श्रमिक अलग-अलग राज्यों में कार्य कर रहे थे। उनके सामने आजीविका का भीषण संकट खड़ा हुआ था। इन्हें लेकर देश चिंतित था, लेकिन मैं निश्चिंत था कि यूपी में इतना पोटेंशियल है कि 40 लाख नहीं, 4 करोड़ लोग भी आएंगे तो यूपी इन्हें जगह देगा। यूपी में प्रवेश करते ही सभी 40 लाख कामगारों की स्किल मैपिंग कराई गई और हर जनपद को इसका डाटा उपलब्ध कराने के साथ संबंधित यूनिट में कार्य का ऑफर दिया गया। इन लोगों ने आकर यूपी की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के अभियान के साथ ही यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा है। यह वही यूपी है, जो सात वर्ष पहले देश के विकास का बैरियर माना जाता था, लेकिन आज यह देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। इसमें एमएसएमई सेक्टर की बड़ी भूमिका है। कोई भी बड़ा औद्योगिक निवेश बिना एमएसएमई बेस के आगे नहीं बढ़ सकता है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यूपी में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद यदि कोई एमएसएमई यूनिट आपदा का शिकार होती है तो राज्य शासन की तरफ से उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री और निजी क्षेत्र में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की कार्रवाई तेजी के साथ बढ़ी है। ओडीओपी योजना की सफलता के साथ ही यूपी के पास सर्वाधिक 75 जीआई टैग हैं। प्रोत्साहन के अभाव में जो उत्पाद दम तोड़ रहे थे, आज उसे आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यूपी के अलग-अलग सेक्टर में भी अनेक कार्य हुए हैं। यूपी का जो प्रोडक्शन है, उन्हें भी शोकेस का अवसर यूपीआईटीएस उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि पांच दिन तक जी2जी, जी2बी



समेत अनेक कार्यक्रम होंगे, जो न केवल यूपी के पोटेंशियल, बल्कि सांस्कृतिक-सामाजकि विविधता के विभिन्न पक्षों को प्रदर्शित करने के साथ ही उचित फोरम के रूप में स्थापित भी करेंगे। यह यूपी के उद्यमियों के लिए अपने प्रोडक्ट को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर होगा। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यूपी न केवल एमएमएमई के बेहतरीन बेस, बल्कि बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा है। वर्तमान में यूपी में छह एक्सप्रेसवे कार्य कर रहे हैं, सात पर कार्य चल रहा है। प्रदेश में 11 एयरपोर्ट कार्यरत हैं, 10 पर कार्य चल रहा है। 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील है, जबकि देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को इस वर्ष तक बनाने का लक्ष्य है। देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेसवे भी पश्चिमी यूपी को पूर्वी यूपी से जोड़ रहा है। प्रयागराज महाकुंभ-2025 से पहले इसे क्रियाशील करने के लिए प्रयासरत हैं। रेल व सड़क का सबसे बेहतरीन नेटवर्क यूपी के पास है। यूपी सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही स्किल और अनस्किल मैनपॉवर का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन दे रही है। उन्होंने कहा कि पांच दिन तक चलने वाला ट्रेड शो यूपी के उत्पाद, पोटेंशियल, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा। 2500 से अधिक एग्जीबिटर्स, 350 से अधिक फॉरेन बॉयर्स उपस्थित हो चुके हैं। पार्टनर कंट्री के रूप में वियतनाम के सहभागी बनने पर मा0 मुख्यमंत्री जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और वियतनाम के डेलीगेट्स से मुलाकात भी की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की। उन्होंने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने ओडीओपी योजना की सराहना करते हुए कहा कि देश में औद्योगिक वातावरण बनाने में यूपी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देश के आर्थिक विकास का रास्ता यूपी से जाता है। यहां उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर देने की वजह से उत्तर प्रदेश निवेशकों का चहेता डेस्टिनेशन बन चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से यूपी को एमएसएमई सेक्टर के लिए हरसंभव मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर भारत से निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान देता है। उत्तर प्रदेश में देश की 14 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयां स्थापित हैं, जिनकी संख्या 96 लाख से अधिक है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, साथ ही महिला सशक्तिकरण में भी इस सेक्टर का बड़ा योगदान है।ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रक्षा, कृषि, ई-कॉमर्स, आईटी, जीआई, शिक्षा, अवस्थापना, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, डेयरी उद्योग आदि के 25 सौ स्टॉल लगाए गये हैं। एमएसएमई क्षेत्र को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इस ट्रेड शो का आयोजन लगातार दूसरे साल किया जा रहा है। इस वर्ष यूपीआईटीएस में लगभग 70 देशों का प्रतिभाग और 4 लाख फुटफॉल की संभावना है। इसके अतिरिक्त यूपीआईटीएस में खादी के परिधानों का फैशन शो और कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाएगा। ट्रेड शो में प्रदेश के निर्यातकों, ओडीओपी और महिला उद्यमियों का प्रतिभाग बड़े स्तर पर हो रहा है। इससे छोटे उद्यमियों को ग्लोबल शोकेस मिलेगा। उद्घाटन समारोह में प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता (नंदी), उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, जल शक्ति विभाग के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्सय विभाग के मंत्री संजय निषाद, परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह, लोक निमार्ण विभाग के राज्यमंत्री बृजेश सिंह, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, सांसद महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह, विधायक दादरी तेजपाल सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी, अन्य जनप्रतिनिधि गण, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, एक्सपो मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार सहित शासन एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण व देश-प्रदेश से आए उद्यमी, हस्तशिल्पी, एग्जीबिटर्स, बायर्स आदि मौजूद रहे।


# समस्या न बनने पाए श्रीलंका, वैश्विक ढांचे में पुरानी सोच से नहीं चलेगा काम


हर्ष वी. पंत और आदित्य जी. शिवमूर्ति। श्रीलंका के हालिया चुनाव में जनता विमुक्ति पेरामुना यानी जेवीपी को जीत हासिल हुई और उसके नेता अनुरा कुमारा दिसानायके नए राष्ट्रपति चुने गए। ऐसा प्रतीत होता है कि जनता ने ढांचागत बदलाव और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के लिए जनादेश दिया है। नई सरकार की विदेश नीति को लेकर तमाम अटकलें लगाई जा रही हैं। दिसानायके के अतीत और वैचारिक झुकाव को देखते हुए यह स्वाभाविक भी है। हालांकि वर्तमान आर्थिक एवं भूराजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए यही संभावना अधिक है कि श्रीलंका उसी राह पर आगे बढ़ेगा, जिसमें वह भारत और चीन के साथ संतुलन साध सके। सुशासन और सुधारों को लेकर नई सरकार से जुड़ी उम्मीदें भी दीर्घकाल में भारत और उसके सहयोगियों को लाभ पहुंचाएंगी। जेवीपी पिछली सदी के सातवें दशक में अस्तित्व में आई। अपने मार्क्सवादी चिंतन और सिंहली राष्ट्रवादी विचारधारा के चलते आरंभ से ही उसका रवैया भारत विरोधी रहा। दक्षिण एशिया में भारतीय 'विस्तारवाद' से निपटना उसके वैचारिक लक्ष्यों में से एक रहा। इसने 1971 में पहली बार श्रीलंका राज्य के विरुद्ध विद्रोह किया, जिसे तुरंत ही दबा दिया गया। तब कोलंबो एयरपोर्ट की सुरक्षा के अलावा सरकार के अनुरोध पर भारत ने सामुद्रिक निगरानी का भी काम किया। हालांकि 1987 से 1990 के बीच दूसरे दौर के इसके विद्रोह में भारत विरोधी तेवर कहीं तीखे थे। जेवीपी ने श्रीलंका-भारत के उस समझौते का भी विरोध किया था, जिसके तहत श्रीलंका में भारतीय शांति सेना को अनुमति दी गई थी। अपनी स्वीकार्यता को बढ़ाने और भ्रष्ट एवं अक्षम कुलीन तबके को हटाने में भी इस संगठन ने अपने भारत विरोधी रवैये को नए तेवर दिए। वर्ष 1994 में जेवीपी सशस्त्र संघर्ष की राह छोड़ मुख्यधारा की राजनीति से जुड़ी, मगर मतदाताओं की पारंपरिक पसंद नहीं बन पाई। जब 2022 के आर्थिक संकट में लोग स्थापित व्यवस्था और नेताओं से आजिज आ गए, तब दिसानायके की लोकप्रियता बढ़नी शुरू हुई। जेवीपी के बढ़ते ग्राफ ने भारत को भी इस पार्टी के साथ सक्रियता बढ़ाने की दिशा में उन्मुख किया। चूंकि चुनावी नतीजों को लेकर भारी अनिश्चितता जुड़ी थी तो भारत के लिए सत्ता के प्रमुख दावेदारों के साथ संपर्क बनाए रखना जरूरी था। इसी सिलसिले में चुनावों से पहले भारत ने श्रीलंका के विभिन्न दलों के नेताओं को आमंत्रित किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कई नेताओं से बात भी की। दिसानायके भी इन नेताओं में शामिल रहे। भारत की व्यावहारिक सक्रियता उसकी पड़ोसी-प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण के अनुरूप ही है। चूंकि समय के साथ श्रीलंका का भूराजनीतिक महत्व और बढ़ा है तो भारत भी वहां अपनी मौजूदगी बढ़ाकर लाभ उठाने के प्रयास में लगा है। जिस समय श्रीलंका आर्थिक दुश्वारी और



अस्तित्व के संकट से जूझ रहा था, तब भारत ने चार अरब डालर के कर्ज के साथ ही करेंसी स्वैप, अनुदान और क्रेडिट लाइन जैसे कई उपायों से उसे मदद पहुंचाई। इसके अलावा कई आवश्यक वस्तुओं और दवाओं की आपूर्ति की। इस पड़ोसी देश पर चीन की बढ़ती पकड़ को देखते हुए भारत ने अपने प्रयासों की गति और बढ़ाई। इसी का नतीजा है कि भारत श्रीलंका में एयरपोर्ट और बंदरगाहों को अपग्रेड करने के साथ ही त्रिनकोमाली क्षेत्र के विकास और अक्षय ऊर्जा, रिफाइनरी, एनर्जी ग्रिड एवं पेट्रोलियम पाइपलाइन से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश कर रहा है। तमाम भारतीय कंपनियां श्रीलंका सरकार के उपक्रमों में निवेश में दिलचस्पी दिखा रही हैं। दोनों देश एक लैंड ब्रिज बनाने पर भी चर्चा कर रहे हैं। आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग अनुबंध (ईटीसीए) पर भी बात चल रही है। जेवीपी के स्तर पर भी बदलाव की आहट दिखती है। उसे महसूस हो रहा है कि समकालीन विश्व में शीत युद्ध वाली मानसिकता से काम नहीं चल सकता। चुनावों के दौरान भी यह रवैया दिखा। उसे यह लगता है कि अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में भारत का भूराजनीतिक कद और उसकी आर्थिकी बहुत मददगार हो सकती है। दिसानायके ने श्रीलंका के विकास और बुनियादी ढांचे को उन्नत बनाने के जो चुनावी वादे किए हैं, उनकी पूर्ति भारत के साथ सहयोग से ही संभव हो सकती है। सरकार पर्यटन और सूचना प्रौद्योगिकी के जरिये भी राजस्व बढ़ाना चाहती है। उसमें भी भारत की अहम भूमिका होगी। इसलिए भारत की चिंताओं पर गौर करना जेवीपी के लिए जरूरी होगा। उसके घोषणा पत्र में भी उल्लेख था कि किसी भी देश विशेषकर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को जोखिम में डालने वाली किसी भी प्रकार की गतिविधि को उसकी जमीन और जल एवं वायु सीमा से इजाजत नहीं दी जाएगी। इसके बाद भी भारत को देखना होगा कि श्रीलंका उसके हितों के लिए समस्या न बनने पाए। यह तय है कि नई सरकार चीन के साथ भी संतुलन साधने की दिशा में बढ़ेगी। बीजिंग भी अपनी साम्यवादी विचारधारा को देखते हुए नई सरकार के साथ सक्रियता बढ़ाएगा। दिसानायके भी चुनाव पूर्व भारत से पहले चीन का दौरा कर चुके हैं। करीब सात अरब डालर के साथ बीजिंग श्रीलंका के लिए सबसे बड़े ऋणदाताओं में से एक बना हुआ है। हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति और मजबूत करने के लिए चीन के ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। जैसे हंबनटोटा में रिफाइनरी के लिए 4.5 अरब डालर के निवेश की पेशकश श्रीलंका के लिए जरूर लुभावनी होगी, जिससे उसे अपनी आर्थिकी को पटरी पर लाने में मदद मिलेगी। हालांकि चुनाव जीतने के बाद वादों को पूरा करने की नई चुनौती उत्पन्न होती है। देखना होगा कि दिसानायके इस चुनौती का सामना कैसे करते हैं। दिसानायके ने कुछ कदम उठाने भी शुरू कर दिए हैं, जिसका संभावित निवेश पर कुछ असर पड़ सकता है। जैसे अदाणी एनर्जी की परियोजना को लाल झंडी दिखाना। हो सकता है कि वह कुछ ऐसे फैसले लें, जो चीन के गले न उतरें, जो तमाम तिकड़मों के सहारे देशों के शोषण की योजना पर काम करता है। हालांकि अगर दिसानायके नीर-क्षीर विश्लेषण के साथ इस दिशा में आगे बढ़ते हैं तो यह भारत और उसके जैसे सोच वाले साझेदारों के लिए ही फायदेमंद होगा, क्योंकि तब चीन के लिए अनुचित लाभ की गुंजाइश खत्म हो जाएगी। साथ ही श्रीलंका के तंत्र में पारदर्शिता एवं जवाबदेही भी बढ़ेगी।

# स्पोर्ट्स







## क्रिकेटर सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान सड़क हादसे में घायल, गर्दन में लगी चोट, पिता नौशाद भी थे साथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली ।** मुंबई के युवा बल्लेबाज और स्टार क्रिकेटर सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर खान सड़क हादसे में घायल होने की खबर आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि उनके गर्दन में गंभीर चोट लगी है और वह अब आगामी ईरानी कप में नहीं खेल पाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुशीर अपने पिता नौशाद खान के साथ आजमगढ़ से लखनऊ जा रहे थे, जब उनकी कार सड़क पर चार से पांच बार पलटी खा गई। दुर्घटना का सही कारण स्पष्ट नहीं है। ऐसा बताया जा रहा है कि 19



वर्षीय इस बल्लेबाज की चोट की गंभीरता और उनकी रिकवरी प्रक्रिया के आधार पर उन्हें अब छह सप्ताह से तीन महीने तक की अवधि के लिए क्रिकेट से दूर रहना पड़ सकता है। यह चोट मुशीर के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वह पिछले एक साल से घरेलू क्रिकेट में खूब रन बना रहे हैं और राष्ट्रीय टीम के लिए दावा ठोक रहे हैं। मुशीर फिलहाल रेड बॉल क्रिकेट में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने हाल ही में दलीप ट्रॉफी में इंडिया-बी के लिए खेलते हुए इंडिया-ए के खिलाफ 181 रनों की शानदार पारी खेली थी। उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, इसके बाद के मैचों में उनका फॉर्म खराब हो गया। उन्होंने अपनी पिछली चार पारियों में एक, पांच , दो, शून्य स्कोर किए हैं। मुशीर भारतीय घरेलू सर्किट में उभरती प्रतिभाओं में से एक हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मुंबई के लिए खेलते हुए उन्होंने 51.14 की शानदार औसत के साथ 15 पारियों में 716 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और एक अर्धशतक शामिल है। हालांकि, उनकी चोट के बारे में मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन मुशीर की अनुपस्थिति मुंबई की टीम के लिए एक बड़ा झटका होगी। ईरानी कप से उनकी अनुपस्थिति एक दुर्भाग्यपूर्ण समय पर हुई है क्योंकि उनके इस टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद थी।

## बारिश ने बिगाड़ा पहले दिन का खेल 35 ओवर फेंके गए, आकाश ने रोहित के फैसले को सही साबित किया


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली ।** आकाश दीप ने कप्तान रोहित शर्मा के तीन तेज गेंदबाज को खिलाने के फैसले को सही साबित किया और दो विकेट झटके और



अश्विन को एक विकेट मिला कानपुर में भारी बारिश की वजह से अंपायर ने पहले दिन के खेल को जल्द समाप्त करने की घोषणा की है। देर रात भारी बारिश की वजह से आज खेल की शुरुआत भी एक घंटे की देरी से हुई थी। टॉस नौ बजे की जगह सुबह 10 बजे हुआ था। वहीं, मैच शुरू सुबह साढ़े नौ बजे की जगह सुबह साढ़े 10 बजे हुआ था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। भारतीय प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं था, जबकि बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने दो बदलाव किए थे। नाहिद राणा और तस्कीन अहमद यह मैच नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह खालिह अहमद और तैजुल इस्लाम को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। टेस्ट के दूसरे दिन भी भारी बारिश की संभावना है। हालांकि, तीसरे दिन से मौसम साफ रहने का अनुमान है।जाकिर हसन और शदमान इस्लाम ने टीम को अच्छी शुरुआत देने की कोशिश की। हालांकि, ज्यादा डॉट बॉल खेल लेने की वजह से जाकिर पर दबाव आया और वह इस दबाव में अपना विकेट गंवा बैठे। जाकिर को आकाश दीप ने यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। वह 24 गेंद में बिना खाता खोले हुए पवेलियन लौटे। इसके बाद आकाश दीप ने अच्छी बल्लेबाजी कर रहे शदमान इस्लाम को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह 36 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हुए। अपनी पारी में उन्होंने चार चौके लगाए फिर मोमिनुल हक ने कप्तान शांतो के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को अश्विन ने तोड़ा। उन्होंने शांतो को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह 57 गेंद में छह चौके की मदद से 31 रन बना सके। इसके बाद मोमिनुल और मुशफिकुर रहीम के बीच अब तक चौथे विकेट के लिए 27 रन की साझेदारी हो चुकी है। मोमिनुल 40 रन और रहीम छह रन बनाकर नाबाद हैं। आकाश दीप ने कप्तान रोहित शर्मा के तीन तेज गेंदबाज को खिलाने के फैसले को सही साबित किया और दो विकेट झटके और अश्विन को एक विकेट मिला।इस टेस्ट में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कानपुर में यह 24वां टेस्ट है और ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ है जब यहां किसी कप्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी हो। इससे पहले ऐसा 60 साल पहले 1964 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने यह फैसला किया था। तब टीम इंडिया के कप्तान मनसूर अली खान पटौदी रहे थे। उन्होंने कानपुर में टॉस जीतने के बाद इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था।

## इंग्लैंड के लिविंगस्टोन ने स्टार्क के ओवर में की चौके-छक्कों की बरसात, बटोरे 28 रन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली ।**ऑस्ट्रेलियाई पारी 24.4 ओवर में 126 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने 186 रन से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सात बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इनमें से दो खाता नहीं खोल सके इंग्लैंड के स्टार गेंद में तीन चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 62 रन की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने 39 ओवर में पांच विकेट पर 312 रन बना डाले। बारिश के कारण इस मैच को 39-39 ओवर का कर दिया गया था। बेन डकेट ने 62 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 63 रन, भी नहीं छू सके। इनमें से दो खाता नहीं खोल सके। इनमें स्टीव स्मिथ (5), जोश इंग्लिस (8), मार्नस लाबुशेन (4), ग्लेन मैक्सवेल (2), स्टार्क (3ङ) शामिल हैं। एडम जैम्पा और हेजलवुड तो खाता भी नहीं खोल सके। कप्तान मार्श ने 28 रन और ट्रेविस हेड ने 34 रन की पारी





ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के ओवर में 28 रन बना डाले। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेल जा रहे 39वें ओवर में लिविंगस्टोन ने स्टार्क के ओवर में चार छक्के और एक चौका लगाया। इनमें तीन लगातार छक्के भी शामिल हैं। यह किसी भी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज का वनडे क्रिकेट में सबसे महंगा ओवर है। इससे पहले साइमन डेविस, क्रेग मैक्डरमॉट, जेवियर डोहर्टी, एडम जांपा और कैमरन ग्रीन एक ओवर में 26-26 रन दे चुके हैं। लिविंगस्टोन की 27 कप्तान हैरी ब्रुक ने 58 गेंद में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 87 रन, जेमी स्मिथ ने 28 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 39 रन बनाए। फिल सॉल्ट ने 22 रन की पारी खेली। एडम जैम्पा ने 66 रन पर दो विकेट लिए। स्टार्क ने आठ ओवर में 70 रन दिए और काफी महंगे साबित हुए। इसके अलावा मिचेल मार्श, मैक्सवेल और हेजलवुड को एक-एक विकेट मिला। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई पारी 24.4 ओवर में 126 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने 186 रन से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सात बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा खेली। इन दोनों ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी और 52 गेंद में 68 रन की साझेदारी निभाई। हालांकि, हेड के आउट होते ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। एलेक्स कैरी 13 रन और शॉन एबॉट 10 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड की ओर से मैथ्यू पोट्स ने चार, ब्राइडन कार्स ने तीन और जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट लिए। आदिल रशीद को एक विकेट मिला। पांच मैचों की वनडे सीरीज में इंग्लैंड की टीम 0-2 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की है। फिलहाल सीरीज 2-2 से बराबर है।

## कंगारू शातिर चाल चल रहे हैं पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने टीम इंडिया को दी चेतावनी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली का मानना है कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भारत के खिलाफ बहुप्रतीक्षित बॉर्डर गावस्कर बासित अली का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया माइंड गेम खेल रहा है और भारत के अनुभवी खिलाड़ी उनके निशाने पर होंगे। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'वे माइंड गेम खेल




ट्रॉफी सीरीज से पहले 'माइंड गेम' खेल रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच प्रतिद्वंद्विता को लेकर फैंस के बीच उत्साह की लहर बननी शुरू हो गई है। यह सीरीज नवंबर में शुरू होने वाली है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने ऋषभ पंत को उस खिलाड़ी के रूप में चुना था, जिससे उनकी टीम को बचकर रहना होगा। कमिंस ने कप्तान रोहित शर्मा, दिग्गज विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों को नजरअंदाज कर दिया था। कमिंस ने कहा था- पंत ने कुछ सीरीज पर गहरा प्रभाव छोड़ा है और हमें उन्हें शांत रखने की कोशिश करनी होगी। रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, रोहित शर्मा और विराट कोहली से डरेगा। पंत ने हाल ही में रन बनाए हैं। वे माइंड गेम खेल रहे हैं। वे पंत को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह उनकी मानसिकता है। वे कुछ और दिखा रहे हैं और अन्य चीजों के बारे में सोच रहे हैं।' पिछले हफ्ते बासित ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन की आलोचना की थी। विलो टॉक पॉडकास्ट पर लियोन ने भविष्यवाणी की थी कि ऑस्ट्रेलिया 5-0 से सीरीज जीतकर भारत का सूपड़ा साफ करेगा।

## बूम-बूम बुमराह तेज गेंदबाज के आगे नहीं चला विराट कोहली का जोर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में कोहली का बल्ला ज्यादा नहीं चला और वह दोनों पारियों में प्रभावित नहीं कर सके।



कोहली ने पहली पारी में जहां छह रन बनाए थे, वहीं दूसरी पारी में वह 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आज से खेला जा रहा है। इस मैच से पहले एक चिंताजनक खबर सामने आई है। दरअसल, भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को विकेट पर रुकने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उनका बल्ला स्पिनर्स के अलावा तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी कुछ खास कमाल नहीं कर पा रहा है। ऐसे में सभी की नजर किंग कोहली की फॉर्म पर होगी। भारतीय टीम ने दूसरे मुकाबले से पहले कानपुर में काफी पसीना बहाया था। इस दौरान भारतीय गेंदबाजों का सामना टीम के बल्लेबाजों से हुआ। अब इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि अभ्यास सत्र के दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने विराट कोहली को 15 गेंदों में चार बार आउट किया। बुमराह की चौथी गेंद उनके पैड पर लगी और जिस पर गेंदबाज ने कहा- सामने लगा है। दो गेंदों के बाद कोहली बाहरी किनारा लगने की वजह से आउट हो गए। जवाब में बुमराह ने कहा- आखिरी वाला तो शॉर्ट लेग का कैच था। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में कोहली का बल्ला ज्यादा नहीं चला और वह दोनों पारियों में प्रभावित नहीं कर सके। कोहली ने पहली पारी में जहां छह रन बनाए थे, वहीं दूसरी पारी में वह 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कोहली को ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज ने अपना शिकार बनाया।

## रविचंद्रन अश्विन ने अनिल कुंबले को पीछे छोड़ इस मामले में अब बस मुरलीधरन से पीछ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली ।** अश्विन ने अनिल कुंबले को भले ही पीछे छोड़ दिया है, लेकिन श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन अभी




भी एशिया के सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज हैं। मुरलीधरन के नाम एशियाई जमीन पर टेस्ट में 612 विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज है, जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। भारतीय टीम के स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया है। बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन अश्विन ने एक विकेट अपने नाम किया और इसके साथ ही वह एशिया में टेस्ट प्रारूप में भारत की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। एशिया में लाल गेंद के प्रारूप में अश्विन के नाम अब 420 विकेट हो चुके हैं। अश्विन ने अनिल कुंबले को भले ही पीछे छोड़ दिया है, लेकिन श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन अभी भी एशिया के सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज हैं। मुरलीधरन के नाम एशियाई जमीन पर टेस्ट में 612 विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज है, जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। अश्विन और मुरलीधरन के बीच अभी काफी अंतर है। कुंबले 419 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मैच की बात करें तो भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। मैच के शुरुआती दिन हालांकि बारिश का साया रहा जिस कारण मुकाबला देर से शुरू हुआ, जबकि वर्षा के कारण पहले दिन का खेल भी जल्द समाप्त करना पड़ा। टॉस नौ बजे की जगह सुबह 10 बजे हुआ था। वहीं, मैच शुरू सुबह साढ़े नौ बजे की जगह सुबह साढ़े 10 बजे हुआ था। दिन के खेल की समाप्ति तक बांग्लादेश ने पहली पारी में तीन विकेट पर 107 रन बना लिए हैं। इस टेस्ट में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कानपुर में यह 24वां टेस्ट है और ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ है जब यहां किसी कप्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी हो। इससे पहले ऐसा 60 साल पहले 1964 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने यह फैसला किया था। तब टीम इंडिया के कप्तान मनसूर अली खान पटौदी रहे थे। उन्होंने कानपुर में टॉस जीतने के बाद इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था।

## राशिफल

**मेष-:**स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है।

**वृष-** सप्ताह आपके लिए मंगलमय रहेगा। आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-:** भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-:**जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें ˙ से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-:** आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-:** आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-:**किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-:** भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-:** भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से विचलित हो सकता है।

**मकर-:**खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अडियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-:** आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है।

**मीन-:** आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़




## शाकिब की सुरक्षा बोर्ड के हाथ में नहीं', बीसीबी प्रमुख का बयान, क्या कानपुर टेस्ट होगा आखिरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली ।** शाकिब को बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के दौरान हत्या तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर स्वदेश लौटने पर उन्हें सुरक्षा एक्शन बटालियन)' जैसी सुरक्षा एजेंसी नहीं है। हमने उनके बारे में (सरकार में) किसी से बात नहीं की बोर्ड उनके लिए स्वदेश में विदाई मैच का आयोजन नहीं करता है तो फिर भारत के खिलाफ यहां होने वाला




के एक मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। राजनीतिक अशांति के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटना पड़ा था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारूक अहमद ने स्पष्ट कर दिया है कि दिग्गज हरफनमौला शाकिब अल हसन के खिलाफ देश में चल रहे मामलों के कारण बोर्ड उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा का भरोसा नहीं दे सकता है। 37 साल के शाकिब ने गुरुवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय से का आश्वासन दिया जाता है तो वह अक्तूबर में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना विदाई टेस्ट मैच खेलना चाहेंगे।बांग्लादेश की समाचार पत्रों के मुताबिक फारूक ने कहा, 'शाकिब की सुरक्षा बोर्ड के हाथ में नहीं है। बोर्ड किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकता। उस (स्वदेश लौटने) पर फैसला उन्हें ही लेना है। उनकी सुरक्षा सरकार के उच्चतम स्तर से होनी है। बीसीबी पुलिस या 'आरएबी (रैपिड है। उनका मामला अदालत में विचाराधीन है, इसलिए हम वास्तव में इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर सकते हैं। शाकिब को बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के दौरान हत्या के एक मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। राजनीतिक अशांति के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटना पड़ा था। शाकिब उनकी पार्टी अवामी लीग से संसद सदस्य थे। शाकिब ने गुरुवार को कहा था कि अगर उनका घरेलू दूसरा मैच उनका अंतिम टेस्ट होगा। इस बात की संभावना है कि वह पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम का प्रतिनिधित्व करें। फारूक कहा, 'वह अगर घरेलू मैदान पर अपना आखिरी मैच खेले तो इससे अच्छा कुछ नहीं होगा। शाकिब मुश्किल समय का सामना कर रहे हैं। मैंने उनसे संन्यास के बारे में बात नहीं की है। वह अगर मानते हैं कि यह संन्यास का सही समय है तो मैं उनके फैसले का सम्मान करता हूं।







## श्रीरामलीला की तैयारियाँ जोरों से हुई शुरू

(आधुनिक समाचार नेटर्वट)

**नोएडा।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में रामलीला मंचन की तैयारियां तेज़ी से स्शुरू हो गईं हैं।मंच का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मंचन के स्थान को चारों तरफ़ से घेरा जा रहा है।इस बार डेढ़ सौ फ़ीट लंबा मंच बनाया जा रहा है।मंच की ऊंचाई 6 फ़िट होगी और चौड़ाई 48 होगी।इस वर्ष तीन मंच बनाया जा रहा।श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का मंचन बहुत रोचक और बहुत रोमांचक होगा । श्री जानकी कला मंच के कलाकारों के द्वारा रामलीला की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी ।सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी।लोगों के बैठने की व्यवस्था को भी बढ़ाया गया है।इस बार 5 हज़ार लोगों के बैठने की व्यवस्था है ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/ 25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 ( उ.प्र. ) से प्रकाशित

सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154

website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।